दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 266 जयपुर, बुधवार, 04 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### मुठभेड़: 9 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सर्च ऑपरेशन के दौरान दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर सेना के जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ जारी है। दंतेवाड़ा पुलिस के मुताबिक 9 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं और सभी वर्दी में हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक पुलिस और नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में अब तक 9 वर्दीधारी नक्सली ढेर हुए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार सहित नक्सल सामग्री बरामद हुई है।

### तटरक्षक बल का हेलिकॉप्टर क्रैश, तीन लापता



**पोरबंदर।** अरब सागर में सोमवार रात को भारतीय तटरक्षक बल का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में चालक दल के तीन सदस्य लापता हो गए, जबकि एक को बचाने में सफलता मिल गई। हेलिकॉप्टर गुजरात में पोरबंदर तट से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर एक बचाव अभियान के लिए निकला था। तटरक्षक बल ने मंगलवार को बताया कि एक पोत से एक गंभीर रूप से घायल सदस्य को बचाने का संदेश मिला। तब रात करीब 11 बजे बचाव अभियान शुरू किया। रात के समय उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर की आपात स्थिति में लैंडिंग करानी पड़ी और वह समुद्र में गिर गया।

### पैरालिंपिक में दीप्ति जीवनजी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**पेरिस।** पैरालिंपिक में भारत ने छठे दिन का पहला मेडल पर कब्जा जमाया है। भारत की तरफ से विमेंस टी-20 कैटेगरी की 400 मीटर रेस में दीप्ति जीवनजी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। दीप्ति ने 55.82 सेकेंड में रेस पूरी की। यूक्रेन को गोल्ड और तुर्किये को सिल्वर मेडल मिला। दीप्ति पैरालिंपिक गेम्स के ट्रैक इवेंट में मेडल जीतने वाली भारत की दूसरी ही एथलीट बनीं।

**एक्शन में सीएम:** सीएमओ से टीम सहित मुख्यमंत्री के सेक्रेटेरियट पहुंचने पर मचा हड़कंप

# सीएम भजनलाल शर्मा ने सचिवालय का किया औचक निरीक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल सरकार में अब तक तो कर्मचारी और अधिकारियों के औचक निरीक्षण संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी सहित मुख्य सचिव कर रहे थे, लेकिन अब यह औचक निरीक्षण का जिम्मा स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने हाथ में भी ले लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार सुबह सचिवालय के मुख्य भवन में बिना किसी सूचना के विभागों के उच्च अधिकारियों के दफ्तर में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कुछ विभाग ऐसे थे, जिनमें उच्चाधिकारियों की गैर मौजूदगी दिखी।

दरअसल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे। कुछ देर दफ्तर में बैठने के बाद में अपनी टीम के साथ सचिवालय के मुख्य भवन का औचक निरीक्षण करने निकल पड़े।

सीएम ने इस दौरान वे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, गृह विभाग, कार्मिक विभाग, मेडिकल विभाग के उच्च अधिकारियों के दफ्तर में पहुंचे। सीएम ने अधिकारियों की मौजूदगी के साथ-साथ कमरों की स्थिति को भी बारीकी से देखा। हालांकि औचक निरीक्षण में कितने अधिकारी गैर हाजिर मिले इसको लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि कई उच्च अधिकारी हैं जो समय पर दफ्तर नहीं पहुंचे थे। जिनकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री भजनलाल ने मांगी है।



### सचिवालय में अफरा तफरी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जैसे ही सचिवालय में औचक निरीक्षण की सूचना अधिकारियों और कर्मचारियों तक पहुंची तो सब मे अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी अपनी अपनी सीट पर पहुंच गए। जो कर्मचारी और अधिकारी दफ्तर नहीं पहुंचे थे वो भी आनन फानन में दफ्तर पहुंचे।

### सीएस का साथ नहीं होना चर्चा का विषय

सीएम भजनलाल शर्मा मंगलवार सुबह पहले सीधे सीएमओ पहुंचे। फिर, अपनी टीम को लेकर सचिवालय में निरीक्षण करने लगे। सीएम के निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत का मौजूद नहीं रहना भी चर्चा का विषय बना रहा। आमतौर पर देखा गया है कि सीएस सुधांश पंत सरकारी कार्यालयों में औचक निरीक्षण के लिए पहुंच जाते हैं। सीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, गृह विभाग, कार्मिक विभाग, मेडिकल विभाग के उच्च अधिकारियों के दफ्तरों का निरीक्षण किया। सीएम ने उपस्थिति के साथ-साथ कमरों की स्थिति को भी देखा।

**प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू**

# भाजपा अन्यों की तरह परिवारवादी या व्यक्तिवादी पार्टी नहीं: राठौड़

## कार्यकर्ता गांव-गांव तक करें मोदी सरकार के कार्यों का बखान: सीएम शर्मा

- भजनलाल शर्मा, दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा की सदस्यता से आगाज
- प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आह्वान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान की शुरू हुआ। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश में पार्टी ले अपना लक्ष्य सवा करोड़ नए सदस्य बनाने का रखा है। इसके लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल या नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड के जरिए लोग सदस्य बन सकते हैं।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम में मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को लोगों को पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के बारे में बताना चाहिए। आजकल ज्यादातर पार्टियां परिवारवाद या किसी एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, लेकिन भाजपा विचारधारा वाली पार्टी है, जो 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर काम करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि यह सरकार लगातार जनता के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विरोध होता है, लेकिन दुश्मन नहीं बनाना है। राजनीति में कई बार तकरार भी होती है, लेकिन उस तकरार को तर्क शक्ति तक सीमित रखें। उसको दुश्मन बनाने की कतई कोशिश नहीं करें। अगले को भी यह आज नहीं तो कल समझ आएगा। आज जो लोग हमसे जुड़ रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से नहीं जुड़ रहे हैं। उनकी समझ में आ रहा है कि यह पार्टी अलग है। यह पार्टी देश का विकास करना चाहती है।



### जो आज विरोधी है, बने कल हमारा समर्थक

राठौड़ ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने एक बात कही थी, जो आज हमारा विरोधी है आप प्रयास करें कि कल वह हमारा समर्थक बने। आज हमारा जो समर्थक है। यह प्रयास करें कि कल वह हमारा मतदाता बने। आज हमारा मतदाता है, आप यह प्रयास करें कि कल हमारा कार्यकर्ता बने। इसी भाव को लेकर हम जाएंगे तो हमें सफलता मिलेगी। दीनदयाल उपाध्याय ने एक बात कही थी। आप सदस्यता अभियान के लिए जाएंगे तो किसी को छोड़ना नहीं है। हर घर तक संपर्क करना है। कोई न कहे तो भी चिंता की बात नहीं, लेकिन हमें उससे संपर्क जरूर करना है। जब आप उससे संपर्क करेंगे, तभी कुछ लोग मानेंगे। कुछ नहीं मानेंगे। जो नहीं मानें, उनसे उलझना नहीं है। उन्हें केवल हमारी रीति-नीति और हमारा दृष्टिकोण समझने की कोशिश करें।

### जन कल्याणकारी योजनाओं का करेंगे बखान

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर इस अभियान को चलाएगी। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों और उनकी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति राज के लिए नहीं, देश बदलने के लिए करती है। भाजपा हर व्यक्ति को उसका हक दिलाने के लिए काम करती है। देश के किसान, महिला और युवा आगे बढ़ेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बजट और योजनाओं के आधार पर काम कर रही है।

### सीएम ने लक्ष्य बढ़ाकर किया सवा करोड़

बीजेपी ने सदस्यता अभियान के तहत एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन मंगलवार को सीएम भजनलाल शर्मा ने इस लक्ष्य को बढ़ाकर सवा करोड़ कर दिया। सीएम ने कहा कि हमारे प्रदेश में सवाया चलता है। हमारा विचार और हम भी सवाया चलते हैं। मैं आप सभी से आह्वान करता हूं कि लक्ष्य को सवाया करते हुए आगे बढ़ाना है।

### हर बूथ पर 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य: चतुर्वेदी

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि 4 सितंबर को सभी जिलों में भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में 51 हजार 700 बूथ हैं और हर बूथ पर 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा।

**एटीएस की जांच में हुआ खुलासा**

**2394 वाहनों की फर्जी एनओसी**

# राजस्थान में करा लिया फर्जी रजिस्ट्रेशन!

## आयुक्त ने छह सदस्यीय कमेटी बनाई




**बेधड़क** | जयपुर

आतंकवादी निरोधक दस्ता (एटीएस) की ओर से फर्जी एनओसी से प्रदेश में किए जा रहे फर्जी रजिस्ट्रेशन के आधार पर बड़ा खुलासा हुआ है। अब एटीएस इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर रही है।

वहीं परिवहन आयुक्त को फर्जी एनओसी के आधार पर वाहन लाकर प्रदेश में फर्जी रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी है। इस मामले में परिवहन आयुक्त ने छह सदस्यीय कमेटी बनाई है, जो इस मामले की जांच करेगी। एटीएस अधिकारियों के अनुसार सूचना मिली कि प्रदेश में नार्थ ईस्ट के परिवहन कार्यालयों से फर्जी एनओसी लाकर राजस्थान में वाहनों का फर्जी रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। एटीएस टीमों ने फर्जी एनओसी के आधार पर फर्जी रजिस्ट्रेशन के बारे में कम्पनियों में जाकर जांच की तो पता चला कि उन चेसिस और इंजन नम्बर की गाड़ी कभी कम्पनी ने बनाई ही नहीं है। इसके बाद फर्जी रजिस्ट्रेशन से चल रही 12 गाड़ियों की सूची तैयार की गई तो चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया।

### कुछ डीटीओ और आरटीओ भी शामिल!

प्रदेश में 2394 वाहनों के फर्जी पंजीकरण के आधार पर फर्जी 10 रजिस्ट्रेशन करने का खुलासा हुआ। इस फर्जीवाड़े में कुछ डीटीओ और आरटीओ भी शामिल पाए गए। एटीएस की जांच में अभी तक खुलासा हुआ कि भीनमाल, दौसा, धौलपुर, बालोतरा, सिरोही, शाहपुरा, भीलवाड़ा, सीकर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, करौली, उदयपुर, सुजानगढ़ और डूंगरपुर में यह फर्जीवाड़ा सबसे ज्यादा हुआ है।

**बढ़े आईएएस अफसर**

# 11 आरएएस बने आईएएस, पूर्व सीएम गहलोत के ओएसडी देवाराम भी शामिल

- आकाश तोमर पूर्व डिप्टी सीएम पायलट के डिप्टी स्पेशल असिस्टेंट थे
- मातादीन मीणा पूर्ववर्ती सरकार में दो मंत्रियों के रह चुके एसए
- पुरुषोत्तम शर्मा अभी सीकर के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त हैं

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएसएस) के 11 अफसरों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में प्रमोट किया गया है। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इन सभी 11 अफसर 1997 बैच के अफसरों को प्रमोट करने के आदेश जारी कर दिए हैं। 2023 की वैकेंसी से प्रमोट इन अफसरों का आईएएस बैच 2023 का होगा। आरएएस से आईएएस बनने वाले अधिकारियों में शाहिद अली खान, आकाश तोमर, अरुण कुमार हसीजा, मनीष गोयल, मातादीन मीणा, कमल राम मीणा, केसर लाल मीणा , हिम्मत सिंह बारहठ, पुरुषोत्तम शर्मा, देवाराम सैनी और अजय असवाल शामिल हैं।



पुरुषोत्तम शर्मा | देवा राम सैनी | आकाश तोमर | शाहीन अली

### शाहिद व असवाल रह चुके CMO में जॉइंट सेक्रेटरी

जो अफसर प्रमोट किए गए हैं उनमें पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रह चुके देवाराम सैनी भी शामिल हैं। शाहिद अली और अजय असवाल गहलोत राज में सीएमओ में जॉइंट सेक्रेटरी रह चुके हैं। फिलहाल, अजय असवाल कॉलेज शिक्षा विभाग में एडिशनल कमिश्नर हैं। असवाल 2022 से 2024 तक तत्कालीन सीएम गहलोत के कार्यकाल में सीएमओ के संयुक्त सचिव रह चुके हैं।

### दो साल डीपीआर रहे हैं पुरुषोत्तम शर्मा

पुरुषोत्तम शर्मा गहलोत सरकार के समय दो साल डीपीआर रह चुके हैं। पुरुषोत्तम शर्मा वर्तमान में सीकर में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त हैं। शर्मा गहलोत राज में डीआईपीआर के निदेशक रह चुके हैं। शाहिद अली खान अभी हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान जयपुर में एडिशनल डायरेक्टर हैं हैं। वे इससे पहले गहलोत के मुख्यमंत्री रहते सीएमओ में जॉइंट सेक्रेटरी भी रहे हैं।

### तोमर हैं अजमेर और हसीजा एक्साइज में एडिशनल कमिश्नर पद पर तैनात

आकाश तोमर वर्तमान में अजमेर के एडिशनल डिवीजनल कमिश्नर हैं। तोमर पहले सचिन पायलट के डिप्टी सीएम रहते हुए उनके स्पेशल असिस्टेंट रहे थे, इसके बाद पूर्व परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला के स्पेशल असिस्टेंट भी रहे थे। अरुण कुमार हसीजा अभी आबकारी विभाग में एडिशनल कमिश्नर हैं। इससे पहले 2 साल वित्त विभाग में और इससे पहले उदयपुर में यूआईटी सेक्रेटरी रह चुके हैं। मनीष गोयल अभी शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव हैं, इससे पहले वह योजना विभाग में वॉलंटरी एरिया डेवलपमेंट के सीईओ थे।

### मीणा हैं आरओआरआई, जोधपुर में डायरेक्टर

मातादीन मीणा भी आरओआरआई, जोधपुर में डयरेक्टर हैं। वे गोविंद सिंह डोटासरा के शिक्षा मंत्री रहते हुए स्पेशल असिस्टेंट थे। इससे पहले बीजेपी राज के दौरान वे तत्कालीन सहकारिता मंत्री अजय सिंह किलक के भी स्पेशल असिस्टेंट रह चुके हैं। कमल राम मीणा पीडब्ल्यूडी में जॉइंट सेक्रेटरी हैं। केसर लाल मीणा अभी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में एडिशनल डायरेक्टर हैं। हिम्मत सिंह बारहठ फिलहाल महात्मा गांधी दिव्यांग यूनिवर्सिटी जोधपुर के रजिस्ट्रार हैं । वे इससे पूर्व चित्तौड़गढ़ यूआईटी के सेक्रेटरी रह चुके हैं, उदयपुर नगर निगम के कमिश्नर और सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के भी रजिस्टर रह चुके हैं।

**जरूरी खबर**

### पर्यटन यूनिट को मिले सिंगल विंडो क्लीयरेंस: दिया



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को पर्यटन भवन में राजस्थान पर्यटन यूनिट नीति के फ्रेम वर्क के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अधिक से अधिक पर्यटक आएं, इस दिशा में गहनता से काम किये जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार की बजट घोषणा का उचित क्रियान्वयन कर जनहित में विकास कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने राज्य में पर्यटन इकाई शुरू करने के लिए संबंधित सभी विभागों से एक साथ सिंगल विंडो क्लियरेन्स अथवा लाइसेंस मिल सके, इसके लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित होमस्टे को इंसेटीवाइज किए जाने के निर्देश दिए।

### आरपीएससी का तुरंत पुनर्गठन आवश्यक: पायलट



**जयपुर।** प्रदेश में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राज्य सरकार से राज्य की प्रतिष्ठित संवैधानिक संस्था राज्य लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की विश्वसनीयता को पुनर्स्थापित करने के लिए इसका पुनर्गठन करवाने की मांग की है। पायलट ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पिछले वर्ष सितंबर, 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा को गिरफ्तार किया गया था और अब विशेष संचालन समूह (एसओजी) द्वारा उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को गिरफ्तार किया गया है।

### राज्यपाल बागडे से राज्य मंत्री दक की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में मंगलवार को सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया एक करोड़ 10 लाख की लागत से निर्मित नगर वन का लोकार्पण, कहा...

# ‘बढ़ते शहरों के निकट बनेंगे नगर वन, इको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा’

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा कि बढ़ते शहरों के पास इको टूरिज्म के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सरकार की ओर से नगर वन विकसित किए जा रहे हैं।

अलवर में केंद्र और राज्य सरकार की केंपा योजना के तहत भूगोर के पास कटी घाटी पर 5 एकड़ वन क्षेत्र में 1 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से नगर वन विकसित किया गया है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर में नगर वन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अलवर में विकसित किए गए नगर वन की तर्ज पर प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी ऐसे नगर वन विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलवर में नगर वन के माध्यम से इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए दो किलोमीटर लंबी एक ट्रेन बनाई जाएगी। साथ ही बर्ड प्लेस, वॉच टावर एवं हरियाली को बढ़ावा देने के लिए 3.50 हजार फलदार व छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे अलवर शहर के लोगों को घूमने की एक अच्छी जगह मिलेगी. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले अलवर में भूरा सिद्ध वन क्षेत्र में मातृवन की शुरुआत की गई थी, जिसमें 10 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। अलवर में वनों के विकास को देखते हुए पर्यावरण में सुधार होगा।




### श्याम तोरण द्वार का किया शिलान्यास

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा ने वादा किया था कि अलवर के श्याम भक्तों के लिए एक तोरण द्वार बनाया जाएगा, जिसका शिलान्यास किया गया। यादव ने कहा कि बाबा खाटू श्याम जन-जन की आस्था के प्रतीक है तथा बाबा श्याम को समर्पित यह तोरण द्वार श्रद्धालुओं की आस्था को मूर्त रूप प्रदान करेगा। खाटू श्याम की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु इस द्वार से प्रवेश कर रमणीयता की अनुभूति करेंगे। उन्होंने कहा कि तोरण द्वार का निर्माण होने पर कटी घाटी को हरी घाटी के नाम से पहचान मिलेगी तथा हरी घाटी द्वार के दर्शन बाबा श्याम के दर्शन की अनुभूति कराएगा।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर वन में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नगर वन में आज विभिन्न सामाजिक संस्थानों एवं आमजन के सहयोग से एक हजार विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए हैं जो पर्यावरण संरक्षण में कारगर साबित होंगे। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण करने में विशेष भागीदारी निभाने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

समिट की तैयारियों के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक में बोले सीएम...

# ‘राइजिंग राजस्थान’ से खुलेगा विकसित राजस्थान का द्वार

- प्रदेश के कई क्षेत्रों में निवेश को मिलेगी गति
- निवेशकों के लिए तैयार अनुकूल औद्योगिक वातावरण
- इस माह के अंत में दिल्ली में होगा निवेशक रोड-शो



### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी करेंगे निवेशकों को आकर्षित

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। 9 से 11 दिसंबर को आयोजित हो रही ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट प्रदेश में निवेश के नए द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि समिट के माध्यम से निवेशकों को न केवल प्रदेश की औद्योगिक विकास क्षमता से रूबरू होने का अवसर मिलेगा बल्कि वे विकसित राजस्थान की यात्रा में मजबूत साझेदार बन सकेंगे।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि समिट में निवेश के लिए भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए।

रोड-शो एवं अन्य निवेश संबंधी गतिविधियों के संदर्भ में सामंजस्य स्थापित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त भी किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव पहल कर रही है और इसी क्रम में यह समिट प्रदेश के विकास के साथ रोजगार के भरपूर अवसर सृजित करेगी। इस इंवेस्टमेंट समिट का उद्देश्य देशी-विदेशी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना है।

### साउथ कोरिया और जापान में रोड-शो, निवेशकों के साथ बैठक

मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘राइजिंग राजस्थान’ समिट में बड़े निवेशकों को लाने के लिए राज्य सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेशक रोड-शो का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम में 9 से 10 सितंबर को साउथ कोरिया एवं 11 से 13 सितंबर तक जापान में रोड-शो, वन-टू-वन मीटिंग एवं एमओयू कर इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं खाद्य प्रसंस्करण आदि के संबंध में निवेश करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साउथ कोरिया के सियोल में 9 सितंबर को टूरिज्म रोड-शो का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 10 सितंबर को कोरिया स्टोन एसोसिएशन के साथ राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की जाएगी। सीएम ने बताया कि 11 से 13 सितंबर की अवधि में जापान के टोक्यो में रोड-शो, नीमराना-डे सेलेब्रेशन एवं कॉर्पोरेट कंपनीज के साथ मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी समय में राज्य सरकार यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी एवं संयुक्त अरब अमीरात आदि कई देशों में भी इस तरह का आयोजन करेगी।

RISING RAJASTHAN INVESTMENT SUMMIT

### ‘रोल मॉडल समिट’ बनाने के लिए अधिकारी करें हरसंभव प्रयास

सीएम ने कहा वाइब्रेंट गुजरात एवं उत्तरप्रदेश इंवेस्टर्स समिट की तर्ज पर आयोजित हो रहा राइजिंग राजस्थान को ‘रोल मॉडल समिट’ बनाने के लिए अधिकारी हर संभव प्रयास करें। एक कार्ययोजना के तहत सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, प्रबंध निदेशक रीको शिवप्रसाद नकाते सहित उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रचुर प्राकृतिक संसाधन प्रदेश के लिए वरदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे प्रदेश की आर्थिक तस्वीर बदल जाएगी। यहां सौर ऊर्जा, पर्यटन, वन्यजीव, मिनरल्स एवं औद्योगिक गतिविधियों के लिए वृहद् भूमि एवं संसाधन की उपलब्धता प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं की ओर द्वार खोलती है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, जयपुर मैट्रो, ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरीडोर (डीएमआईसी) और वेस्ट्रन फ्रेट कॉरीडोर जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी परियोजनाएं यहां निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा रही है।

### दिल्ली में होगा रोड-शो

सीएम शर्मा ने कहा कि ‘राइजिंग राजस्थान’ के तहत राज्य सरकार देश और विदेश के विभिन्न शहरों में निवेशक रोड शो आयोजित कर रही है, ताकि विश्वभर के निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया जा सके। इस माह के अंत में राज्य सरकार दिल्ली में निवेशक रोड-शो का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दिल्ली में कार्यरत सभी उद्यमियों से संपर्क कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में आयोजन के लिए आमंत्रित करें। शर्मा ने कहा कि अधिकारी प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें निवेश संबंधी सभी आयोजनों से जोड़ना सुनिश्चित करें।

दिवंगत कार्मिकों के परिवार एवं बीमार कर्मचारी को दी आर्थिक सहायता

# BJP अध्यक्ष ने निभाई परिवार के संरक्षक की भूमिका




**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक पार्टी होने के साथ एक परिवार के रूप में कार्य कर रही है। यहां भाजपा पदाधिकारी, नेता-राजनेता, कार्यकर्ता और कार्यालय कर्मचारियों को परिवार का सदस्य मानकर कार्य किया जा रहा हैं। इसके तहत प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी और सभी वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं के लिए पूरे समर्पण भाव से उनकी मदद भी कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड भाजपा की इसी रीति और नीति को आगे बढ़ाते हुए भाजपा परिवार के दिवंगत हुए सदस्यों के परिवारजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि कर्मचारी कल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के 2 दिवंगत कर्मचारियों एवं लंबे समय से बीमार कर्मचारी को आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि 1990 से 2014 तक पार्टी कार्यालय में कार्य करने वाले स्व. नवीन कौशिक की पत्नी को 2 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई, वहीं 6 वर्ष तक पार्टी में कार्य करने वाले स्व. प्रिंस वर्मा के आकस्मिक निधन के बाद उनकी माता को 2 लाख रुपए की सहायता दी गई। इसके साथ ही उनके पुत्र के नाम 3 लाख रुपए की एफडी करवाने की घोषणा की गई, वहीं पार्टी में 18 वर्षों तक कार्य करने वाले सत्यदेव अवस्थी को लंबी बीमारी के चलते 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता और उनसे जुड़े लोग पार्टी का परिवार है, ऐसे में किसी भी कार्यकर्ता या उनके परिवारजनों पर कोई विपत्ति आती है तो भाजपा कार्यकर्ता उस परिवार की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी से जुड़े सभी लोग उनके परिवार के सदस्य है और उनका ख्याल रखना सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का कर्तव्य हैं। उन्होंने कहा कि दूरदराज के बूथ पर बैठा कार्यकर्ता भी उनके परिवार का अभिन्न अंग है और पूरा भाजपा परिवार हर कार्यकर्ता की सहायता के लिए तैयार बैठा है। भाजपा के हर कार्यकर्ता उनके साथी के रूप में मदन राठौड़ को सदैव अपने पास ही महसूस करेंगे।

## CM ने MP के सीएम के पिता के निंधन पर शोक व्यक्त किया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता पूनम चंद यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शर्मा ने अपने शोक संदेश में ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

सिक्किम के राज्यपाल का नागरिक अभिनंदन

# सीएम भजनलाल शर्मा ने माथुर के साथ बिताए पलों को किया याद

**बेधड़क** | जयपुर

सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का मंगलवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में नागरिक अभिनंदन किया गया। राज्यपाल नियुक्त होने के बाद पहली बार जयपुर आए माथुर का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर ओमप्रकाश माथुर ने राज्यपाल के पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद के अपने कार्यानुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद संवैधानिक पद होने के साथ ही जनता की सेवा करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम होता है। माथुर ने कहा कि सैनिकों के साथ ही देश के नागरिक भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर राष्ट्र सेवा में योगदान दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में ओमप्रकाश माथुर के साथ बिताए यादगार पलों की स्मृतियां साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिक्किम के राज्यपाल के रूप में माथुर अपने संवैधानिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ व घनश्याम तिवाड़ी, लोकसभा सांसद मंजू शर्मा एवं राव राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### जमकर लगे ठहाके

कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने राज्यपाल ओम माथुर के साथ बीते हुए अपने समय और अनुभवों को साझा किए। इस दौरान मंच पर अनुभव साझा करने के लिए जैसे ही राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी पहुंचे तो उन्होंने मंच पर आसीन सभी नेताओं का एक-एक करके नाम लिया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को राजेंद्र राठौड़ के नाम से संबोधित किया। इसके बाद घनश्याम तिवाड़ी ने फिर से अपनी बात को संभालते हुए कहा कि आजकल पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का नाम जुबान पर चढ़ा हुआ है। यह सही है कि जब मदन राठौड़ को अध्यक्ष बनाया गया, उस समय कई लोग तो राजेंद्र राठौड़ के घर उनको बधाई देने पहुंच गए थे। इसके बाद सभागार में जमकर ठहाके लगे। इतना ही नहीं, तिवाड़ी ने कहा कि राजनीति में धैर्य और शालीनता बहुत जरूरी है। मैं तो एक बार पार्टी से चला गया था, लेकिन ओम माथुर ने कभी भी धैर्य नहीं खोया।

### ‘कई लोग पीतल की लौंग मिलने पर खुद को समझ बैठते हैं सराफ’

राजनीति में थोड़ा बहुत मिलने के बाद अपने आपको काफी बड़ा समझने वाले नेताओं को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने एक बार फिर बड़ी नसीहत दी। राजे ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कई लोगों को पीतल की लौंग क्या मिल जाती है, वह अपने आपको सराफ समझ बैठते हैं।

राजे ने कहा कि चाहत बेशक आसमां छूने की रखो, लेकिन पांव हमेशा जमीन पर रखो। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि ओम माथुर चाहे कितनी ही बुलंदियों पर पहुंचें, इनके पैर सदा जमीन पर रहे हैं, इसीलिए इनके चाहने वाले भी असंख्य हैं, वरना कई लोगों को पीतल की लौंग क्या मिल जाती है, वह अपने आपको सराफ समझ बैठते हैं। उन्होंने कहा कि माथुर से ऐसे लोगों को सीख लेनी चाहिए कि ‘चाहत बेशक आसमां छूने की रखो, लेकिन पांव हमेशा जमीन पर रखो।

**संवाद: यूथ आइकन को अपने बीच पाकर रोमांचित हुईं फिक्की फ्लो मेंबर्स**

# जोखिम लेने का साहस हो तो बदला जा सकता है जुनून को व्यवसाय में

बेधड़क.जयपुर। यूथ आइकॉन को अपने बीच पाकर मेंबर्स रोमांचित थे। फिर जब उनकी जर्नी और सक्सेस मंत्र सुने तो हर कोई आत्मविश्वास से भर गया। सभी ने सेलिब्रिटी के साथ फोटोज क्लिक कराई और टिप्स लेने की कोशिश की। नजारा था शार्क टैंक के शार्क और यंग बिजनेस पर्सन बोट के सह-संस्थापक और सीईओ अमन गुप्ता के जयपुर में होने का। वे फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर के बी सक्सेसफुल विद सुपर सक्सेसफुल प्रोग्राम में शिरकत करने आए थे। चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में हुए इस विशेष सेशन में अमन ने कई रोचक बातें बताकर लोगों को मोटिवेट किया। कार्यक्रम की शुरुआत सदस्यों, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और उनके शिक्षकों के आगमन से हुई। इसके बाद सत्र आयोजित किया गया। जहां सदस्य, कार्यकारी समिति, प्रायोजक और कॉलेज के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श और नेटवर्किंग किया। फ्लो संस्थापक नीता बुचरा व रुचिका धूत ने गुप्ता का वेलकम किया।




### स्टार्टअप्स की बारीकियां समझाईं

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संवाद था। इस दौरान रघुश्री पोद्दार और अमन गुप्ता के बीच बातचीत हुई। सत्र के दौरान गुप्ता ने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे जुनून को एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है। स्टार्टअप्स की बारीकियों, जोखिम लेने की प्रक्रिया और बहुत कुछ उनके संवादों में शामिल रहा।



### सक्सेस के नए ज्ञान से हुए रूबरू

इस दौरान उपस्थित लोग व्यापार की दुनिया में गहराई से उतरने के लिए नए ज्ञान और प्रेरणा से रूबरू हुए। रघुश्री पोद्दार ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। गुप्ता ने यंगेस्टर्स को खूब चीयरप भी किया और बताया कि किस तरह आत्मविश्वास और सही प्लानिंग से सक्सेस पाई जा सकती है। युवा उनके साथ फोटोज क्लिक कराने के लिए उत्सुक दिखे ओर शार्क टैंक के बारे में जानकारी लेने की कोशिश करते रहे।

## रामदेवजी की कलश यात्रा आज



**बेधड़क. जयपुर।** खातीपुरा स्थित प्राचीन बाबा रामदेवजी महाराज मंदिर का जीर्णोद्वार किया गया है। बुनकर कॉलोनी के इस मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी और गुरुवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन और भंडारा होगा। भंडारे में 10 हजार भक्तों की आने की उम्मीद है। कलश यात्रा के लिए डिप्टी सीएम दिया कुमारी को आमंत्रित किया गया है। यात्रा आफिसर्स केम्पस स्थित पवन वाटिका हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी तथा रात्रि सत्संग आयोजित होगा। बुनकर कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष नानगराम बागड़ी व महामंत्री रमेश चंद भामनिया ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## संदीप मदान की स्मृति में आज 'उपहार'

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में नाटक 'उपहार' का मंचन बुधवार को किया जाएगा। वरिष्ठ नाट्य निर्देशक संदीप मदान की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में यह विशिष्ठ प्रस्तुति मुख्यत: बच्चों के लिए तैयार की गई है। कृष्णायन में सुबह 10:30 बजे नाटक होगा और शाम 7 बजे हर उम्र के कला प्रेमी शो देखेंगे। भाव और प्रेम से ओत प्रोत यह प्रस्तुति तीन बच्चों की कहानी है जिसे नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की डायरेक्टर रहीं त्रिपुरारी शर्मा ने लिखा है। नाटक के पात्र तीनों बच्चे स्नेह की डोर से बंधे हुए हैं और मासूमियत के साथ इस रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने के लिए उपहार का सहारा लेते हैं।


## प्रेमभाया का नंदोत्सव मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** खोले के हनुमान मंदिर परिसर स्थित श्री प्रेमभाया मंदिर में मंगलवार को श्री राधा कृष्ण एवं प्रेम भाया के समक्ष नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि नंदोत्सव में बधाईगान पर महिलाओं ने नृत्य किया। राजेश कुमार शर्मा ने वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वाली का..., मीठे रस से भरियो री राधा रानी लागे..., यशोदा मैया के होए लाल बधाई भक्ता न..., यशोदा जाए ललना में वेदन में सुन आई..., राधिका गोरी से बिरज की छोरी से..., मनिहारी का भेष बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया...जैसे भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। बधाईगान पर खिलौनों और फलों की उछाल की गई। भक्तों को लड्डूओं का वितरण किया गया। सुबह श्री लड्डू गोपाल जी को एवं प्रेमभाया जी का पंचामृत से स्नान कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया गया।

## City इवेंट्स

### राज्यपाल को विधान सभा दैनन्दिनी भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल का शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। स्पीकर देवनानी ने हिन्दू विजय युग प्रर्वतक पुस्तक और विधान सभा दैनन्दिनी राज्यपाल को भेंट की। राज्यपाल ने राजस्थान विधान सभा की दैनन्दिनी 2024-25 का अवलोकन कर नवाचार की सराहना करते हुए प्रकाशन को देशभर के विधान मंडलों के लिए नजीर बताया। देवनानी ने राज्यपाल को बताया कि नई पीढी में महापुरुषों का स्मरण बनाये रखने के लिए विधान सभा की दैनन्दिनी में उनके चित्रों का समावेश किया है। राज्यपाल बागडे ने देवनानी से राज्य के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों विशेषकर तकनीकी विश्वविद्यालयों की शिक्षा में किए जाने वाले नवाचारों पर सुझाव दिये जाने के लिए देवनानी से अनुरोध किया।

### जैन मंदिरों में होंगे विभिन्न आयोजन

**बेधड़क. जयपुर।** दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण पर्व 8 सितंबर से शुरू होंगे, लेकिन इससे पहले रोट तीज 6 को मनाई जाएगी। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, चौदस और भगवान वासुपूज्य स्वामी के निर्वाण कल्याणक के साथ दशलक्षण पर्व संपन्न होंगे। इस बार चौदस और पूर्णिमा एक साथ होने से 18 सितंबर को पड़वा ढोक (क्षमावाणी पर्व) मनाई जाएगी। गौरतलब है दशलक्षण पर्व 10 धर्मों पर आधारित एक महापर्व है, जिसकी शुरुआत क्षमा के भावों को धारण कर क्षमायाचना के साथ संपन्न होती है।

### निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट पर गाइड मंडल मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में फ्लॉक लीडर व गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स के साथ निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। सीओ गाइड ऋतु शर्मा ने बताया कि बेसिक कोर्स में सभी राजकीय विद्यालयों, महात्मा गांधी विद्यालयों व निजी विद्यालयों से टीचर्स सहभागिता कर रहे हैं। वहीं, निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में सभी महाविद्यालयों से रेंजर्स शामिल हो रहे हैं। सभी शिविर आवासीय हैं, जिसमें सहभागिता करने वाली टीचर्स को अपने विद्यालय में फ्लॉक व गाइड यूनिट संचालित करने के लिए आवश्यक जानकारी दी जा रही है। बेसिक शिविर के प्रभारी मंडल मुख्यालय के सीओ गाइड इंदु तंवर हैं। पहले दिन सभी का परिचय हुआ और उन्होंने शिविर के उद्देश्य आदि के बारे में जानकारी ली।

**सुबह शाम होंगे उत्सव दर्शन**

## गोविंददेव जी के दरबार में 7 से छाएगा राधा अष्टमी का उल्लास

बेधड़क | जयपुर

ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेव जी में राधाष्टमी का उत्सव भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर ग्यारह सितंबर को मनाया जाएगा। मंदिर छावन में ठाकुर जी के समक्ष सात से ग्यारह सितंबर तक प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ से सवा दस बजे तक तथा शाम को सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक उत्सव दर्शन होंगे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में राधाष्टमी महोत्सव का श्रीगणेश सात सितंबर को शाम सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक श्री गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल के हरिनाम संकीर्तन के साथ होगा। राधा अष्टमी के दिन भी सुबह की बेला में अखंड हरिनाम संकीर्तन बंगाली महिला मंडल की ओर से ही भजन-कीर्तन होगा।



शाम को श्री गौर गोविंद महिला मंडल की महिलाएं किशोरी जी के जन्म की बधाइयां गाएंगी। राधा अष्टमी ग्यारह सितंबर को है। मंगला झांकी दर्शन सुबह 4 बजे होंगे। इसके बाद 4:45 बजे प्रिया जी (राधा रानी जी) के अभिषेक दर्शन खोले जाएंगे। राधा रानी जी का दूध, दही, घी, बूरा, शहद से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद महाआरती के दर्शन होंगे। इसके बाद धूप झांकी खोली जाएगी। ठाकुर श्रीजी को नवीन पीत (पीली) पोशाक एवं विशेष अलंकार शृंगार धारण कराए जाएंगे। पंजीरी, लड्डू, मावा की बर्फी का भोग अर्पण किया जाएगा। धूप झांकी में महंत अंजन कुमार गोस्वामी श्रीजी का अधिवास पूजन करेंगे। शृंगार झांकी में बधाई-उछाल की गई। संध्या काल में ठाकुरजी की विशेष फूल बंगला झांकी के दर्शन होंगे। विशेष उत्सव दर्शन झांकी शाम 7 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक होंगे। इसके बाद शयन झांकी खोली जाएगी।

**पार्श्वनाथ कथा में उमड़े प्रदेश-देश के श्रद्धालु**

## जितनी जरूरत हो उसी में जीना और जरूरतों को सीमित करना अपरिग्रह



बेधड़क | जयपुर

मुनि प्रणम्य सागर ने कहा कि जितनी जरूरत हो उसी में जीना और जरूरतों को सीमित करना अपरिग्रह है। मुनि प्रणम्य सागर मंगलवार को मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन में कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण में बारह भावनाओं में बोधि दुर्लभ व लोक भावना का वाचन कर रहे थे।

प्रवचन में बोधि दुर्लभ भावना के मर्म को समझाते हुए कहा कि अपनी इच्छाओं में निरंतर कमी लाना बोधि दुर्लभ भावना है।

जैन धर्म में असंख्यात सालों से पहले अपरिग्रह व्रत के बारे में बताया गया था कि जितनी जरूरत हो उसी में जीना और निरंतर अपनी जरूरतों को सीमित करना अपरिग्रह है। उसे आज के दार्शनिक नई पद्धति बता रहे हैं। मुनि ने कहा कि अपरिग्रह आत्म बल बढ़ाता है। चिंताओं से मुक्त रखता है और तनाव दूर करता है। उन्होंने लोक परंपराओं पर बोलते हुए कहा कि हर परंपरा को हमें सोच समझकर करना चाहिए। हमें देखना चाहिए कि उससे धर्म की हानि नहीं हो। इस मौके पर पं. निशांत शास्त्री टीकमगढ़ ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा व कार्यकारिणी सदस्य अशोक छाबड़ा, जिनेन्द्र काला ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**ICRT INDIA और सबकॉन्टिनेंट अवाॅर्ड्स** | **चैंपियनिंग कल्चरल डायवर्सिटी श्रेणी में जीता गोल्ड प्राइज**

## रिस्पांसिबल टूरिज्म बढ़ाने के लिए बन रही विशेष योजनाएं

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान स्टूडियो ने चैंपियनिंग कल्चरल डायवर्सिटी श्रेणी में गोल्ड प्राइज अपने नाम किया। आईसीआरटी इंडिया फाउंडेशन की ओर से नई दिल्ली में आयोजित 'आईसीआरटी इंडिया और सबकॉन्टिनेंट अवार्ड्स-2024' में यह पुरस्कार जीतने के बाद राजस्थान स्टूडियो अब लंदन में होने वाले ग्लोबल अवॉर्ड्स में सीधे प्रवेश करने वाला संगठन बन गया है। ये वार्षिक पुरस्कार रिस्पांसिबल टूरिज्म अवार्ड्स का एक भाग है।

गौरतलब है राजस्थान स्टूडियो की ओर से पिछले दिनों से अलग-अलग शहरों में 30 नए आर्ट एक्सपीरियंस जोड़े गए हैं।

आगामी दिनों में बीकानेर में आर्ट एक्सपीरियंसेज को लॉन्च कर इनकी शुरुआत की जाएगी। राजस्थान स्टूडियो संस्थापक व सीईओ कार्तिक गग्गर ने कहा, कि आर्ट एक्सपीरियंसेज से सांस्कृतिक व अद्वितीय कला अनुभवों की तलाश करने वाले ट्रेवलर्स को हमारी समृद्ध संस्कृति से जोड़ना राजस्थान स्टूडियो की शुरुआत का मूल विचार था। हमें खुशी है हम



रिस्पांसिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने, कल्चरल एक्सचेंज में मदद करने, कला व शिल्प को संरक्षित करने के प्रयासों के साथ-साथ अपने कार्यों से आर्टीजन्स व स्थानीय समुदायों का समर्थन कर रहे हैं।

### पर्यटन मंत्रालय कर रहा है विशेष प्लानिंग

समारोह के दौरान भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मुग्धा सिन्हा ने जानकारी दी कि पर्यटन मंत्रालय देशभर में पर्यटन को बढ़ावा देने और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की विशेष योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि रिस्पांसिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में मंत्रालय द्वारा कई पहल की गई हैं।

**तरंग शक्ति 2024: सूर्य किरण टीम ने भी प्रैक्टिस के तहत भरी उड़ान**

# जोधपुर के आसमान में गूंजे फाइटर जेट्स, राफेल ने दिखाई ताकत

बेधड़क | जोधपुर

तरंग शक्ति एक्सरसाइज के तहत भारतीय विमानों ने विदेशी विमानों के साथ कौशल दिखाना शुरू कर दिया है। वायु सेना स्टेशन से ये विमान जोधपुर के आसमान में अपनी मौजूदगी दिखाते हुए फायरिंग रेंज पहुंचकर वायु शक्ति का अहसास करवा रहे हैं। अभ्यास के तहत मंगलवार को ग्रीक के एफ-16 और भारतीय राफेल की जुगलबंदी में उड़ान, क्षमता और दक्षता का प्रदर्शन रोचक रहा।
रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक एयर एक्सरसाइज के तहत 7 सितंबर को ओपन डे रखा गया है, जिसमें भारतीय और विदेशी विमान के साथ सूर्य किरण एरोबैटिक टीम विशेष शो का हिस्सा बनकर रोमांच पैदा करेंगी। इसके लिए सूर्यकिरण की टीम सोमवार को जोधपुर पहुंच गई है। मंगलवार को सूर्य किरण टीम ने भी प्रेक्टिस के तहत उड़ान भरी। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दूसरे चरण के तहत ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, जापान, सिंगापुर, श्रीलंका, सऊदी अरब और यूएई वायु सेना की टीमें अपने उत्कृष्ट, महत्वपूर्ण फाइटर व अन्य विमानों के साथ भाग ले रही हैं।



**14 सितंबर तक होंगी 600 उड़ानें**

तरंग शक्ति एक्सरसाइज के तहत 14 सितंबर तक 600 उड़ानें होंगी। इस एक्सरसाइज में भारतीय वायु सेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर, तेजस जैसे विमान अमेरिकी के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलियाई के एफ-ए-18 हॉरनेट व जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित दूसरे देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमों के साथ मिलकर एयर-टू-एयर और एयर-टू- ग्राउंड ऑपरेशनों में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन दिखा रहे हैं।



**आसमां में गरज रहे फाइटर प्लेन**

भारत के अलावा सात देशों की एयरफोर्स संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही है। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन से 14 सितंबर तक लगातार इन देशों के प्लेन गरजेंगे। इनमें फाइटर प्लेन के साथ-साथ हेलिकॉप्टर, ग्लोबमास्टर आसमान मे नजर आ रहे हैं। इसके अलावा भारत के राफेल, सुखोई, तेजस, अमेरिका के एफ सीरीज के लडाकू विमान का शोर लोगों को रोमाचिंत कर रहे हैं।

**जरूरी खबर**

## धौलपुर में BJP के सदस्यता अभियान का आगाज आज



**धौलपुर**। धौलपुर में भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज बुधवार को होगा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश सह प्रभारी मोतीलाल मीणा सदस्यता अभियान का आगाज करेंगे। अभियान के जिला संयोजक धीरसिंह जादौन ने बताया कि बुधवार को धौलपुर में भाजपा कार्यालय में जिले के सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा धौलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान सुबह 11 बजे जिला कार्यालय धौलपुर पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। उसके बाद 11:30 पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा। इसी क्रम में 12:30 बजे संयुक्त मोर्चा सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## जोधपुर में दो दिवसीय रीजनल कॉन्फ्रेंस आज से

**जोधपुर**। प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर 2 दिवसीय रीजनल कांफ्रेंस 4 और 5 सितंबर को जोधपुर में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और एनएचएम राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान के आयोजित होने वाली इस कांफ्रेंस में देश के 10 राज्यों के चिकित्सा क्षेत्र के अधिकारी एवं विशेषज्ञ शामिल होंगे। कार्यशाला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिकित्सा केंद्र स्तर पर कैंसर जैसे संक्रामक रोग, टीबी जैसे विभिन्न संक्रामक रोगों की प्रारंभिक पहचान के लिए व्यापक विचार-विमर्श कर रणनीति तय की जाएगी।

**सबसे बड़े बांध माही बजाज सागर के गेट खोलकर पानी की निकासी**

# माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद खोले माही बांध के चार गेट

बेधड़क | बांसवाड़ा

प्रदेश के लंबाई में सबसे बड़े बांध माही बजाज सागर के चार गेट मंगलवार को खोले गए। बांध से 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। गेट खोलने से एक घंटा पहले मंगलवार दोपहर तीन बजे सायरन बजाकर अलर्ट किया गया। शाम 4.26 बजे गेट खोले गए। एईएन पीयूष पाटीदार ने बताया कि बांसवाड़ा जिले के माही डैम के 1, 2, 15 और 16 नंबर के गेट को एक-एक मीटर खोला गया है।

सबसे पहले एक नंबर गेट खुला, इसके बाद 16 नंबर, फिर दो और 15 नंबर गेट खोला गया। डैम के ऊपर बने कंट्रोल पैनल रूम में चार अधिकारियों ने एक साथ बटन दबाकर गेट खोले। गेट खोलने से पहले माही डैम के ऊपर बने माही माता मंदिर में पूजा की गई। माता का आशीर्वाद हर बार गेट खोलने से पहले लिया जाता है।



### गेट खोलने से पहले चार बार बजाया सायरन

माही परियोजना के एक्सईएन प्रकाश चंद्र रैगर ने बताया कि डैम के गेट खोलने से पहले सायरन बजाना जरूरी होता है। एक सायरन माही डैम पर है। दूसरा 60 किमी दूर बेणेश्वर के संगम पर है और तीसरा 35 किमी दूर पीपलखूंट में है। सभी का कंट्रोल माही डैम से ही है। तीनों जगह के सायरन के बटन यहीं से दबाए गए थे। पहला सायरन माही डैम पर तीन बजे बजाया गया था। इसके बाद 3.30 बजे और फिर 3.45 बजे सायरन बजाया गया था। फाइनल सायरन 4.10 बजे बजाया गया था। सायरन लोगों को अलर्ट करने के लिए बजाया जाता है। ताकि वे नदी के बहाव क्षेत्र से दूर हो जाएं। सायरन की आवाज पांच किमी क्षेत्र तक सुनाई देती है।

### अब तक 26 बार खोले गए गेट

बांसवाड़ा और उदयपुर संभाग के सबसे बड़े माही बजाज सागर बांध का जलस्तर 280.40 आरएल मीटर तक पहुंच चुका है। इसकी भराव क्षमता 281.50 आरएल मीटर है। बांध में बारिश के साथ मध्य प्रदेश से पानी की आवक लगातार जारी है। इसी पानी को रिलीज किया जा रहा है। बांध में 1000 क्यूसेक पानी की लगातार आवक हो रही है। ऐसे में जल संसाधन विभाग, राजस्थान माही बांध परियोजना ने गेट खोलने का फैसला किया। गेट खोलने को लेकर प्रशासन की ओर से लोगों को अलर्ट किया गया है। उनको नदी के आस-पास नहीं आने की चेतावनी दी गई है। माही बांध का निर्माण हुए 40 साल हो चुके हैं। इस बीच अब तक 26 बार गेट खोले गए हैं। साल 2006 में गणेश विसर्जन के दिन सभी 16 गेट पूरी क्षमता से खोले गए थे। साल 2019 के बाद से लगातार बांध ओवरफ्लो हो रहा है और इसके गेट खोले जा रहे हैं। बांध से पानी की निकासी के लिए 16 गेट बने हुए हैं, एक गेट साढ़े 12 मीटर तक खुल सकता है। इन गेट की चौड़ाई 15 फीट तक है।

## उदयपुर में छलकी पिछोला झील

**उदयपुर**। उदयपुर अंचल में मंगलवार अल सुबह चहुंओर जमकर बारिश हुई। आंकड़ों की माने तो दो घंटों में कई जगह 2 से 4 इंच पानी बरस गया। इस बीच झीलों के कैचमेंट में जबर्दस्त बरसात से पानी की आवक और बढ़ गई। उदयपुर की प्रसिद्ध पिछोला झील दोपहर होते होते छलक गई। उसके सभी चार गेट दोपहर 12.50 बजे 6-6 इंच खोल दिए गए। गेट खोलने के बाद भी पिछोला झील पर 2 इंच पानी ओवरफ्लो रहा। पिछोला झील को भरने वाली सीसारमा नदी भी अपने पूरे उफान पर है और 15 फीट के बहाव स्तर पर चल रही है। पिछोला झील



का अधिकतम भराव जलस्तर 11 फीट है। पिछोला के साथ ही फतहसागर झील में भी पानी की आवक बढ़ गई है। फतहसागर झील के कैचमेंट मदार क्षेत्र में भी लगातार बारिश से पानी की आवक बनी हुई है।

## सोम कमला आंबा बांध लबालब

**डूंगरपुर**। जिले का सबसे बड़ा सोम कमला आंबा बांध बारिश के चलते मात्र 0.70 मीटर खाली रह गया है। सोम कागदर बांध के छलकने और गोमती नदी से सोम कमला आंबा बांध में पानी की आवक हो रही है। आसपुर के लगभग सभी बड़े बांध में पानी की इतनी अच्छी आवक नहीं हुई है, लेकिन उदयपुर और डूंगरपुर में मूसलाधार बारिश के चलते बांध का जल स्तर 212.80 मीटर पर पहुंच गया है, जबकि इसकी भराव क्षमता 213.5 मीटर है। इसको देखते हुए बांध के गेट को खोलने



के लिए मात्र 0.70 मीटर ही खाली है। इसे लेकर जल संसाधन विभाग ने गेट खोलने को लेकर एडवाइजरी भी जारी कर दी है। नदी किनारे बसे लोगों को जगह छोड़ने के लिए कहा गया है।

**गाय को बचाने के चक्कर में हादसा**

# बेकाबू ट्रेलर की टक्कर से खाई में उतरी रोडवेज बस



50 यात्री बाल-बाल बचे

बेधड़क | राजसमंद

जिले में हाईवे 8 पर छापली के पास मंगलवार शाम 4 बजे फोरलेन के बीच में बैठी गाय को बचाने के प्रयास में रोडवेज बस ने ब्रेक लगाए, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर ने बस को टक्कर मार दी। इससे बस के साथ ट्रेलर खाई में उतर गया। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोग चोटिल हो गए। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

ट्रेलर में लोहे के सरिए भरे हुए थे, जो नीचे आ गए, जबकि रोडवेज बस व ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह से पिचक गया और दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। दिवेर थाना प्रभारी भवानीशंकर ने बताया कि अहमदाबाद से जयपुर जा रही रोडवेज बस छापली के पास पहुंची, जहां फोरलेन पर बैठी गाय को बचाने के लिए रोडवेज बस के चालक ने ब्रेक लगाए, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। इस कारण बस फोरलेन के किनारे खाई में उतरकर सामने पहाड़ी से टकराकर रुक गई, जबकि बेकाबू ट्रेलर भी फोरलेन किनारे उतर गया। रोडवेज बस में 50 से ज्यादा लोग सवार थे, जो ब्यावर, अजमेर व जयपुर जा रहे थे।

हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। सूचना पर दिवेर थाने से पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार करवाया गया। साथ ही पुलिस द्वारा अन्य बस से यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। हादसे के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## युवक को चंबल में खींच कर ले गया मगरमच्छ

**धौलपुर**। सरमथुरा थाना इलाके में दुर्गशी गांव में चंबल नदी पर नहाने गए युवक को मगरमच्छ खींच कर ले गया। युवक अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद घाट पर नहाने गया था। परिजनों को नदी के घाट पर युवक के कपड़े और चप्पल मिले हैं। एसडीआरएफ और सेल्फ डिफेंस की टीम द्वारा युवक को रेस्क्यू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि दुर्गशी गांव में सोमवार को एक व्यक्ति का निधन हो गया था। गांव का युवक 40 वर्षीय होतीलाल पुत्र पोथीलाल चंबल



नदी के घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। अंतिम संस्कार में शामिल होकर होती लाल चंबल नदी में स्नान करने चला गया। मगरमच्छ उसको नहाते वक्त खींच कर ले गया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

## केमिस्ट-फार्मासिस्ट को तीन-तीन वर्ष का कारावास



**श्रीगंगानगर**। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजीएम) सरिता चौधरी ने एक्सपायरी दवाई बेचने और सरकारी आपूर्ति की दवाओं की बिक्री करने के पुराने मामले में एक केमिस्ट और फार्मासिस्ट को मंगलवार को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सीजीएम सरिता चौधरी ने आरोपी मेडीकल स्टोर के भागीदार रतनलाल गर्ग और फार्मासिस्ट रशपालसिंह को एक्सपायरी दवा बेचने का दोषी मानते हुए उन पर छह छह हजार रुपए का जुर्माना भी किया।

**गांव में शोक की लहर**

# पिता को मुखाग्नि से पहले ही बेटे ने तोड़ा दम...

बेधड़क | अजमेर

कहते हैं नियति का लिखा ईश्वर भी नहीं टाल सकते और सबकी मृत्यु कैसे होगी यह भी निश्चित है। हाल ही में अजमेर जिले जिले के जालियां द्वितीय गांव में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। यहां एक पिता की मौत के बाद उसकी अर्थी को कांधा देकर बेटा श्मशान के करीब तक तो ले आया, लेकिन पिता को मुखाग्नि नहीं दे पाया। पिता के निधन के सदमे में बेटा भी अचेत होकर गिर पड़ा। लोगों ने पिता की अर्थी को श्मशान और पुत्र को विजयनगर अस्पताल पंहुचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पिता के बाद बेटे की मौत की खबर से हर कोई स्तब्ध है। जालियां द्वितीय गांव में शोक की



लहर छा गई है। इस घटना के बारे में जिसने भी सुना उसकी आंखें नम हो गई।

जानकारी के अनुसार, जालियां-II गांव के सरपंच आदित्य कुमार खेतावत ने बताया कि 2 सितंबर को गांव के ब्रह्मपुरी मोहल्ले में रहने वाले वृद्ध राधा कृष्ण नागला का निधन हो गया था। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार होना था। पिता राधा कृष्ण नागला की मौत से बेटा महावीर प्रसाद काफी सदमे में था। सरपंच खेतावत ने बताया कि महावीर ने अपने पिता की अर्थी को कांधा भी दिया, लेकिन श्मशान के समीप आते ही महावीर अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। इससे अंतिम यात्रा में हड़कंप मच गया। कुछ लोग आनन-फानन में महावीर प्रसाद को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां से उसे विजयनगर सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, यहां इलाज के दौरान महावीर ने दम तोड़ दिया।

### परिवार में नहीं बचा कोई मुखिया

अस्पताल में पिता की मौत की खबर से बेटे ने भी दम तोड़ दिया। इधर गांव में राधा कृष्ण के परिजनों और रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं दोपहर को महावीर का भी अंतिम संस्कार किया गया। सरपंच खेतावत ने बताया कि राधा कृष्ण नागला के बाद महावीर प्रसाद पर ही परिवार की जिम्मेदारी थी। दरअसल, महावीर प्रसाद के भाई राजकुमार की चार साल पहले मौत हो चुकी है। ऐसे में परिवार में मुखिया का साया ही नहीं रहा। परिवार में महावीर और राजकुमार की पत्नियां और उनके बच्चे हैं। इस घटना के बारे में जिसने भी सुना, वह स्तब्ध रह गया।

## हाई कोर्ट ने आसाराम की पैरोल 5 दिन और बढ़ाई

**जोधपुर**। राजस्थान हाई कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राहत देते हुए माधव बाग में चल रहे उपचार के चलते प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए आकस्मिक पैरोल का पांच दिन के लिए आगे बढ़ा दिया है। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्रसिंह भाटी व जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण की खंडपीठ में आसाराम के पैरोकार रामचंद्र भट्ट की ओर से आकस्मिक पैरोल बढ़ाने का आवेदन पेश किया था।

आवेदन के साथ ही उसमें माधव बाग अस्पताल के चार चिकित्सकों के हस्ताक्षर युक्त रिपोर्ट भी पेश की गई, जिसमें बताया गया कि आसाराम का पंचकर्म विधि से उपचार किया जा रहा है। इससे आसाराम की स्थिति



में काफी सुधार हुआ है, लेकिन अभी पांच दिन और उपचार की आवश्यकता जताई गई। इस पर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई।

सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक चौधरी ने सरकार के पुलिस विभाग एवं महाराष्ट्र पुलिस विभाग से सुरक्षा को लेकर टेलीफोनिक बातचीत कर सुरक्षा को लेकर जानकारी ली।

### फीमेल पूल कोटा नियम के जरिए प्रवेश से मिली सहूलियत, अब दे रही छात्रों को दे रही है बराबर की टक्कर

# इंजीनियरिंग में बेटियों की धाक, 7 साल में 4 गुना संख्या

**बेधड़क** | कोटा

किसी जमाने में इंजीनियरिंग में छात्रों का दबदबा रहता था, छात्राओं की संख्या कम ही नजर आती थी। मगर अब हालात बदल चुके हैं और अब इस सेक्टर में बेटियां बेटों के बराबर की टक्कर दे रही है।

देश के सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थान आईआईटीज में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके लिए होने वाली जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में शामिल होने वाली व आईआईटीज में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या साल-दर-साल बढ़ रही है। इससे साफ है कि बीते 7 साल में आईआईटी में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या लगभग 4 गुना हो गई है। आईआईटी के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में महज 847 छात्राओं ने प्रवेश लिया था, जबकि 2023 में 3411 छात्राओं ने आईआईटी में प्रवेश लिया।

### जेईई एडवांस्ड में 8 साल में बढ़ी गर्ल्स की संख्या

दूसरी तरफ देखा जाए तो जेईई एडवांस्ड एक्जाम में बैठने वाली छात्राओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। साल 2016 में जहां पर 27778 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। साल 2024 में सर्वाधिक 41020 छात्राओं ने परीक्षा दी है। इन 8 सालों में करीब 48 फीसदी छात्राओं की संख्या बढ़ी है। ये वे छात्राएं हैं, जो जेईई मेन से क्वालीफाई कर एडवांस्ड में गई हैं। हालांकि, क्वालीफाई होने वाली गर्ल्स की संख्या में ज्यादा अनुपात में बढ़ोतरी हुई है। साल 2016 में 4570 से बढ़कर 2024 में 7964 हो गई है। यह करीब 75 फीसदी के आसपास बढ़ी है।



### केन्द्र सरकार के प्रयासों के बाद बदल गई स्थितियां

देश में इंजीनियरिंग एजुकेशन के प्रति लड़कियों का रुझान बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार ने किए गए प्रयासों के बाद यह स्थितियां बदल गईं हैं। सरकार ने साल 2018 से लड़कियों के प्रवेश उत्साह देने के लिए फीमेल पूल कोटे की घोषणा की थी, जिसमें 14 प्रतिशत सीटों पर फीमेल पूल कोटे से छात्राओं को प्रवेश दिया गया। इसके बाद साल 2019 में यह कोटा बढ़ाकर 17 प्रतिशत व 2020 से 20 फीसदी फीमेल पूल कोटा कर दिया गया। लगातार बढ़ रहे इस प्रयास से गत 9 साल में आईआईटी में एडमिशन लेने वाली छात्राओं की संख्या लगभग चार गुना हो चुकी है।

### इसलिए बढ़ रहा रूझान

इंजीनियरिंग में अब फील्ड वर्क के साथ ऑफिस वर्क बढ़ा है। वहीं डिजाइन, क्रिएशन और एक्जीक्यूशन में ज्यादा ऑफिस वर्क आया है। पहले कोर ब्रांचेंज में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रोनिक्स, माइनिंग फील्ड वर्क बहुत मांग होती थी । इससे कंस्ट्रक्शन साइट्स पर ज्यादा ड्यूटी देनी होती थी, इसलिए गर्ल्स इनमें बचती थीं। मगर अब डाटा साइंस, कम्प्यूटर साइंस, एआई के कोर्सेज से फील्ड में रोजगार बढ़ रहे हैं।

#### IIT में छात्राओं की संख्या

| साल | एडमिशन |
|---|---|
| 2016 | 847 |
| 2017 | 995 |
| 2018 | 1852 |
| 2019 | 2432 |
| 2020 | 3197 |
| 2021 | 3228 |
| 2022 | 3310 |
| 2023 | 3411 |

## Yuva स्टोरीज

### मोनिका शर्मा बनी मिसेज इंडिया इंटरनेशनल



**बेधड़क** | जयपुर

डे नाईट मोशन एंड पिक्चर्स की ओर से पिछले दिनों हुई स्टॉक वाक मिसेज इंडिया इंटरनेशनल प्रतियोगिता में मोनिका शर्मा को मिसेज इंडिया इंटरनेशनल को खिताब देकर ताज पहनाया गया। बता दें कि मिस मोनिका शर्मा वर्तमान में मुंडियां रामसर जयपुर स्थित श्री करणी यूनिवर्स कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है और साथ ही 2019 में मिस राजस्थान एवं पूर्व में मिस कोटा भी रह चुकी हैं। कॉलेज डायरेक्टर्स डॉ. विजय सिंह राठौड़ और डॉ. अनूप शेखावत ने मोनिका शर्मा की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

साथ ही कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें मोनिका शर्मा का प्रिंसिपल डॉ. कुसुम राजावत और फाउंडर डायरेक्टर रीतिका राठौड़ और स्टूडेंट्स ने स्वागत किया।

### प्लेसमेंट ड्राइव में आठ छात्राओं को ऑफर लेटर

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में करियर गाइडेंस, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि ड्राइव में जयपुर ग्लोबल सर्विसेज कंपनी ने ई-कॉमर्स एग्जीक्यूटिव पोस्ट के लिए इंटरव्यू लिए। ड्राइव में 30 छात्राओं ने हिस्सा लिया और इसमें 8 छात्राओं को जॉइनिंग के लिए ऑफर लेटर दिया गया। सेंटर की संयोजिका डॉ. आकांक्षा गंडा एवं अन्य प्राध्यापिकाओं ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।

### प्रो. कृष्णा शर्मा और डॉ. दिनेश यादव हुए सम्मानित

**जयपुर**। कोटा में राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस विद्वत सम्मान समारोह में जयपुर की युवा शिक्षिका और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर की प्रो. कृष्णा शर्मा और श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के सहायक आचार्य डॉ. दिनेश यादव को सम्मानित किया गया है। समारोह में दोनों शिक्षकों को राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरुस्कार संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर और पद्म श्री चमुकृष्ण शास्त्री ने अपने हाथों से प्रदान किया। इन्हें पुरस्कार में श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और 21 हजार रूपये की नकद राशि प्रदान की गई।

### कांस्टेबल भर्ती में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस मुख्यालय के पदोन्नति एवं भर्ती बोर्ड की ओर से कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 के तहत विज्ञापित 3578 पदों की गत 13-14 जून को आयोजित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में सफल रहे पर कॉन्स्टेबल सामान्य/दूरसंचार/चालक/घुडसवार/श्वानदल पद के अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान सचिन मित्तल ने बताया कि इन सभी सफल अभ्यर्थियों की सूचियां विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि आवेदकों की दक्षता परीक्षा शीघ्र ही रेंज मुख्यालय स्तर पर आयोजित करवाई जाएगी। जिसके ऑनलाईन प्रवेश-पत्र पृथक से जारी किए जाएंगे। एडीजी मित्तल ने बताया कि दक्षता परीक्षा के आयोजन बाद विज्ञापित पदों के विरूद्ध पदवार एवं जिला/यूनिट वार चयन की कार्यवाही की जाएगी। पदवार/वर्गवार चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिला/यूनिट कार्यालय स्तर पर जारी की जाएगी। चयनोपरान्त कट ऑफ मार्क्स एवं भर्ती संबंधी अन्य सूचना के सम्बन्ध में बंधित जिला/यूनिट में सम्पर्क किया जा सकेगा।

### शिक्षक दिवस पर सरकार ने दी बड़ी सौगात

# 148 से अधिक शिक्षकों का किया जाएगा सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षा विभाग की ओर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार शाम 6 बजे स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में शिक्षामंत्री मदन दिलावर और शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल मौजूद रहेंगे। वहीं अगले दिन शिक्षक दिवस पर बिड़ला सभागार में ही राज्यस्तरीय मुख्य समारोह सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। सम्मान समारोह में 148 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से आमंत्रण पत्र भी जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा खुद कार्यक्रम में मौजूद रहकर शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मौजूद रहेंगे और कार्यक्रम के अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर करेंगे। वीसी में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।




### 55 हजार से अधिक बच्चों को बांटें जाएंगे टैबलेट

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण की शुरुआत की जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ टैबलेट बांटे जाएंगे। इसे लेकर टैबलेट सभी जिलों में पहुंचा दिए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उसी दिन इनका वितरण करेंगे। जयपुर में मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री 11 छात्रों को टैबलेट बांटेंगे। इस संबंध में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शिक्षक दिवस पर प्रदेश के 55 हजार 800 बच्चों को टैबलेट बांटे जाएंगे।

### शिक्षा मंत्री ने दी शिक्षक दिवस पर बधाई

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की अग्रिम बधाई दी है। दिलावर मंगलवार को शिक्षा संकुल में आयोजित वीसी के माध्यम से संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समसा, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक तथा प्रारम्भिक, प्राचार्य, डाईट, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समसा, पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, शहरी संकुल प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 5 सितम्बर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के लाइव कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिक्षकों को जोड़ने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए जाएंगे।

### स्वच्छता पखवाड़े की तैयारियों की भी की समीक्षा

मंत्री ने एक से 15 सितम्बर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़े की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम को किसी पखवाड़े तक सीमित न रहकर दिनचर्या का हिस्सा बनाने को कहा। हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अन्तर्गत 7 जिलों द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधारोपण करने की प्रशंसा की। सवाई माधोपुर में 146.28 प्रतिशत, जयपुर में 123.89 प्रतिशत, झुंझुनू में 120.29 प्रतिशत, कोटा में 114.63 प्रतिशत, करौली में 105.16 प्रतिशत, डूंगरपुर में 103.66 प्रतिशत और दौसा में 101.21 प्रतिशत पौधारोपण हुआ।

### 2 अक्टूबर तक प्रखर राजस्थान अभियान

मंत्री ने बताया कि प्रखर राजस्थान अभियान 9 सितम्बर से 2 अक्टूबर के दौरान विद्यार्थियों में पठन कौशल के प्रति रूचि जागृत करने के भी निर्देश दिए। जिन विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था नहीं है, वहां पर जेजेएम के अन्तर्गत पेयजल कनेक्शन कराने और विद्यालयों तथा खेल मैदानों में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।



### एमआर शर्मा बने कृभको के प्रबंध निदेशक

**जयपुर**। एमआर शर्मा को कृषक भारती को ऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) का प्रबंध निदेशक बनाया है। शर्मा साथ में निदेशक (तकनीकी) की भूमिका भी निभाएंगे। बता दें कि अमोनिया और यूरिया कॉम्पलेक्स के पुनर्निर्माण में शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शार्म आईआईटी रुड़की (1981) से रासायनिक अभियांत्रिकी में स्नातक है। उन्हें उर्वरक उद्योग में अमोनिया और यूरिया उत्पादन संयंत्रों के साथ सहायक उपयोगिता संयंत्रों में 42 से अधिक वर्षों का अनुभव है। शर्मा 1982 में कृभको में स्नातक इंजीनियर प्रशिक्षु (जीईटी) के रूप में शामिल हुए और प्रबंध निदेशक के पद तक पहुंचने वाले पहले जीईटी हैं।

### नियमित नियुक्ति के लिए पर्यटक गाइडों ने जताया आक्रोश



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के लोकल और स्टेट लेवल पर्यटक गाइड नियमित नियुक्ति की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर एकत्रित हुए और धरना देकर आक्रोश जताया।

अध्यक्ष धारा सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रदेश भर से आए पर्यटक गाईड ने मौजूदा सरकार से कानून में संशोधन कर पर्यटक गाइडों को संविदा सेवा में शामिल कर कैश लेस मेडिकल सुविधा, रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा, आरटीडीसी होटल्स में रियायत अनुमत के साथ, गाईड के 55 वर्ष उम्र बाद पर्यटक गाइड सम्मान पेंशन योजना शुरू करवाने की मांग की है। गत सरकार के समय भी धरने प्रदर्शन किए गए। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, भजनलाल सरकार से उम्मीद है कि पर्यटक गाईड के सामाजिक और आर्थिक उन्नयन के लिए पर्यटक गाईड के कल्याणकारी योजना बनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त रविशंकर धाभाई ने बताया कि पर्यटक गाइड का काम वर्ष भर नहीं चलता।

इसके चलते गाईड अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर चिंतित है सरकार को पर्यटन गाईड के लिए योजना बनाई जानी चाहिए। हमने कई मर्तबा प्रदेश सरकार सहित केंद्र सरकार को पत्र भेज कर समय मांगा ताकि हम अपनी बात उनके समक्ष रख सके लेकिन कोई प्रतिउत्तर नहीं मिलने पर मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ा, यदि सरकार हमारी मांग को नहीं मानेगी तो संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। आयोजित धरने में प्रदेश भर से गाईड सहित गाईड यूनियन के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ गाईड उपस्थिति रहे।

### जैन बैंकर्स फोरम पुरातन मंदिरों की देखभाल में संजीदा

**जयपुर**। जैन बैंकर्स फोरम ने शिखर चंद कासलीवाल साईवाड़ वाले एवं सुधीर बिलाला के आह्वान पर शुरुआत करते हुए जयपुर चार दीवारी के आउट स्कर्ट में स्थित विजय लाल पांड्या की नसियां में प्रतिमाओं का परिमार्जन किया है। इस कार्य में जैन बैंकर्स फोरम की ओर से भागचंद जैन मित्रपुरा, निर्मल कुमार पाटौदी, कमल चंद सेवा वाले एवं दुर्गापुरा से सुनील काला चंदलाई वाले ने योगदान देकर जिन प्रतिमाओं का परिमार्जन किया। वर्तमान में चार दीवारी में स्थित मंदिरों की समय-समय पर देखभाल में जैन बैंकर्स के सदस्य समाज का हिस्सा बन रहे हैं।



**ओरिएंटेशन प्रोग्राम** | **जेईसीआरसी के 25 वें बैच का स्वागत**

# ‘परिचय 2024’ में एक-दूजे से रूबरू हुए फ्रेशर्स

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी कॉलेज में 25 वें बैच के स्वागत में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम “परिचय 2024” का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2500 से अधिक फ्रेशर्स एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी चेयरमैन ओपी अग्रवाल, वाइस चांसलर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी विक्टर गंभीर, प्रिंसिपल प्रो. डॉ. विनय कुमार चांदना और प्रो. डी पी मिश्रा के दीप प्रज्वलित करके हुई। बता दें कि जेईसीआरसी अपने 25 साल पूरे करने जा रहा है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी चेयरमैन ओ पी अग्रवाल ने सभी फ्रेशर्स को बधाई दी और कहा कि जेईसीआरसी ने पिछले 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल करने की दिशा में कदम उठाया हैं। इसका प्रमाण वर्तमान सत्र में शत प्रतिशत सीटों पर विद्यार्थियों का आवंटन और जेईसीआरसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की नींव रखना हैं। इस वर्ष दोनों जेईसीआरसी के कैंपस में जेईसीआरसी में 8300 छात्रों का दाखिला हुआ हैं जो एक रिकॉर्ड हैं। इस अवसर फेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें 15 एकेडमी टॉपर्स एवं 20 वर्षों से अधिक संस्थान में सेवा प्रदान करने वाले 22 अध्यापकों को सम्मानित किया गया।



### अगले साल JECRC सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की करेगा शुरुआत

जेईसीआरसी वाइस चेयरपर्सन, अमित अग्रवाल ने बताया कि “आज जब हम 25 वें बैच का स्वागत कर रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। यह शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। साथ ही यह जिम्मेदारी भी आती है कि हमें समाज के लिए कार्य करना है। इसी उद्देश्य से, अगले साल हम जेईसीआरसी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की भी शुरुआत करने जा रहे हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### प्रोग्राम में ये हस्तियां करेंगी शिरकत

जेईसीआरसी वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने बताया कि जेईसीआरसी की शुरुआत 163 स्टूडेंट्स से हुई और अब 21 हजार स्टूडेंट्स की फैमिली हो चुकी हैं। साथ ही अब तक 2372 विद्यार्थियों का 178 कम्पनीज में प्लेसमेंट कर चुके हैं। आने वाले दो दिनों में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल रोहित मिश्रा, फाउंडर एंड सीईओ डायनेमिक माइंड्स ग्रुप डॉ. अदिति सिंघल, फाउंडर एंड एमडी विजन मेकेट्रोनिक्स डॉ. राशि गुप्ता, कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। साथ ही कॉलेज के छात्र संचालित सोशल, कल्चरल और टेक्निकल क्लब्स के समूह अभ्युदय से फ्रेशर्स का परिचय करवाया जाएगा। बुधवार को सावजी भाई उपस्थित रहकर छात्रों को संबोधित करेंगे और उन्हें प्रेरित करेंगे।

# पानी के संकट से कैसे निपटेंगे हम!



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

आज समूची दुनिया पानी के भीषण संकट का सामना कर रही है। संयुक्त राष्ट्र सहित दुनिया के वैज्ञानिकों, यूनिवर्सिटीज व संस्थानों के शोध- अध्ययन इस बात के सबूत हैं कि आज दुनिया के तकरीब 4.4 अरब लोग पीने के साफ पानी से वंचित हैं। हकीकत में दुनिया के कुछ फीसदी लोग ही हैं जिन्हें पीने का साफ पानी मयस्सर है। इस भयावह स्थिति के बारे में संयुक्त राष्ट्र सालों से चेता रहा है लेकिन दुख इस बात का है कि उसके बावजूद सरकारें इस बाबत न तो संवेदनशील दिखीं और न ही उन्होंने कोई कारगर प्रयास ही किए। और यदि कुछ किये भी तो उनका कोई सार्थक परिणाम भी नहीं निकला। 4.4 अरब लोगों की पीने के साफ पानी से महरूम रहने की मजबूरी मौजूदा हालात की विकरालता का जीवंत प्रमाण है।आज दुनिया में मौजूदा हालात पर नजर डालें तो एशिया की 80 फीसदी आबादी खासकर पूर्वोत्तर चीन, पाकिस्तान और भारत इस संकट का भीषण सामना कर रहे हैं। भारत इसमें सर्वाधिक प्रभावित देश होगा। इसमें दो राय नहीं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसकी पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार उक्त आंकड़ा 2030 तक दुनिया के सभी लोगों को शुद्ध पेयजल और स्वच्छता की उपलब्धता के लक्ष्य से काफी दूर है। उसके अनुसार शुद्ध पेयजल से जूझने वाली वैश्विक शहरी आबादी 2016 के 93.3 करोड़ से बढ़कर 2050 में 1.7 से 2.4 अरब होने की आशंका है। अगर शीघ्र इसका समाधान नहीं किया गया तो निश्चित तौर पर वैश्विक संकट और भयावह होगा।

बीते 40 वर्षों में समूची दुनिया में जल का उपयोग प्रतिवर्ष एक फीसदी बढ़ा है। इस बाबत यूनेस्को की महानिदेशक आंद्रे एंजोले की मानें तो यह वैश्विक संकट नियंत्रण से बाहर होने से पहले मजबूत अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था तत्काल स्थापित होने की बेहद जरूरत है। पेयजल संकट की गंभीरता की ओर ग्लोबल कमीशन आन इकोनामिक्स आफ वाटर की रिपोर्ट संकेत करती हुयी कहती है कि 2070 तक 70 करोड़ लोग जल आपदाओं के कारण विस्थापित होने को विवश होंगे। गौरतलब है दुनिया में हर साल जलजनित बीमारियों से लगभग 14 लाख लोग बेमौत मर जाते हैं। दुनिया में बहुतेरे विकसित देशों में लोग नल से सीधे ही साफ पानी पीने में सक्षम हैं। लेकिन हमारे देश में आजादी के 77 साल बाद भी ऐसा मुमकिन नहीं है कि लोग सीधे नल से साफ पानी पी सकें। असलियत में देश के मात्र तीन फीसदी परिवार ऐसे हैं जिनको नल से साफ जल मिल रहा है। लोकल सर्कल के सर्वे ने इसका खुलासा किया है। सर्वे में 44 फीसदी का कहना है कि नल के पानी को साफ कर पीना होता है। 32 फीसदी ने उसे औसत की संज्ञा दी है जबकि 10 फीसदी ने उसे खराब करार दिया। 15 फीसदी ने नल के पानी को पीने लायक बताया। 44 फीसदी पानी को साफ करने के लिए आर ओ का इस्तेमाल करते हैं। 28 फीसदी पानी साफ करने के लिए वाटर प्यूरीफायर तो 11 फीसदी पानी साफ करने के लिए उसे पहले उबालते हैं तब उसे पीते हैं। केन्द्र और राज्य सरकारें घरों में नल के माध्यम से पीने योग्य पानी की आपूर्ति का दावा करती हैं। लेकिन हकीकत यह है कि आज भी 5 फीसदी लोग बोतलबंद पानी खरीद रहे हैं। जबकि जल जीवन मिशन ने 2024 तक हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। यह मिशन और स्थानीय निकाय के जलदाय विभाग की नाकामी है जिसके चलते हर महानगर, शहर -कस्बे में छोटे-छोटे सैकड़ों वाटर वोटलिंग प्लांट चल रहे हैं जो घर-घर 20-20 रुपये में पानी की बोतल पहुंचा कर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं।

> यदि बारिश के पानी का पूर्णतया संचयन कर दिया जाए तो काफी हद तक जल संकट का समाधान हो सकता है। फिर तेजी से घटती जल उपलब्धता भी एक अहम वजह है। जल शक्ति अभियान के अनुसार देश में बीते 75 सालों में पानी की उपलब्धता में तेजी से कभी आई है।

यदि सभी को शुद्ध पेयजल मुहैय्या कराना सरकार की मंशा है तो उसे प्राकृतिक जल स्रोतों पर ध्यान देना होगा। इस तथ्य को सरकार भी नजरंदाज नहीं कर सकती कि देश के सभी जलस्रोत संकट में हैं। तालाब, पोखर, जलाशय बेरुखी के चलते बर्बादी के कगार पर हैं। अगर सिलसिलेवार देखा जाये तो देशभर में मौजूद तकरीब कुल 24,24,540 जल स्रोत हैं। इनमें से 23,55,055 यानी 97 फीसदी जल स्रोत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। केवल 2.9 फीसदी जल स्रोत शहरी क्षेत्र में हैं। 45.2 फीसदी जल स्रोतों की कभी मरम्मत भी नहीं हुयी। 16.3 फीसदी जल स्रोत यानी करीब 3,94,500 जल स्रोत इस्तेमाल में ही नहीं हैं। देश में कुल 38,496 जल स्रोतों पर कब्जा है। 55.2 फीसदी जलस्रोत निजी संपत्ति है और 44.5 फीसदी यानी 10,85,805 जलस्रोत सरकार के आधिपत्य में हैं। देश में जलस्रोतों की हालत बहुत ही दयनीय है। कहीं वह सूखे हैं, कहीं निर्माण कार्य होने से इस्तेमाल में नहीं हैं, कहीं वह मलबे से भरे पड़े हैं। इनकी बदहाली में सबसे बड़ा कारण उनका सूखना,उनमें सिल्ट जमा होना, मरम्मत के अभाव में टूटते चला जाना अहम है। फिर अधिकतर जलाशयों का इस्तेमाल मछली पालन और खेती किसानी में हो रहा है। अब तो देश से तालाब और कुएं तो लुप्त हुए भी हैं, हैंडपंप भी अब बमुश्किल ही दिखाई देते हैं।इसके अलावा विश्व बैंक के अनुसार देश में हर व्यक्ति को रोजाना औसत 150 लीटर पानी की ज़रूरत होती है लेकिन वह अपनी गलतियों के चलते 45 लीटर रोजाना बर्बाद कर देता है। जबकि संसदीय समिति ने भी यह चेताया है कि जल संसाधनों के मनचाहे उपयोग और उनको प्रदूषित करने की किसी को आजादी नहीं दी जा सकती। ऐसी स्थिति में वर्षा जल संचयन-संरक्षण, प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण, उनका समुचित उपयोग और जल की बर्बादी पर अंकुश ही वह रास्ता है जो इस संकट से छुटकारा दिला सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## विधानसभा चुनावों के लिए मुद्दों पर मंथन का दौर

# अब सत्तापथ पर 'जाति रथ'



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

> आरक्षण को प्रतिशत 50 के पार ले जाने से मामला कोर्ट में चला गया, लेकिन जदयू अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा के चुनाव में जातीय जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर राजद और कांग्रेस के लिए चुनावी मैदान खाली नहीं छोड़ेगा। वह इस मुद्दे को भुनाने में क्यों पीछे रहेगा। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) भी है। वह भी जातीय जनगणना और आरक्षण की प्रबल हिमायती के रूप में उभरी है।

लोकसभा चुनावों के नतीजे और चार राज्यों में जल्द ही होने वाले विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके अनुषांगिक संगठनों की केरल में एक अहम बैठक हुई जिसमें तीन दिन चले मंथन के बाद जो निष्कर्ष निकलकर सामने आया वह वर्तमान में भारतीय राजनीति का सबसे अहम और ज्वलंत मुद्दा है। वह है देश में जातीय जनगणना कराना। अधिकांश गैर भाजपा दल जातीय जनगणना के पक्ष में हैं और इस मांग को लेकर सबसे ज्यादा मुखर कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी तथा समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव हैं। दोनों नेताओं की यह जोड़ी इस मुद्दे पर भाजपा पर हमले का कोई मौका नहीं चूकती है।

वहीं, इस विषय पर सर्वाधिक असमंजस भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रुख को लेकर रहा है, लेकिन अब लगता है संघ ने इस मुद्दे पर अपना दिल खोल दिया है कि वह बुनियादी तौर पर जातीय जनगणना के विरोध में नहीं है। संघ की बैठक के बाद उसके नेता सुनील आंबेकर ने जो कुछ कहा उससे तो यही प्रतिध्वनित होता है। आंबेकर ने कहा कि संघ को विशेष समुदायों या जातियों के आंकड़े जमा करने पर आपत्ति नहीं है, बशर्ते इसका उपयोग कल्याण के लिए हो। उनका कहना था कि इसका उपयोग चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक हथियार के रूप में नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे यह भी कहा कि जाति और जाति संबंध हिंदू समाज के लिए बहुत संवेदनशील मुद्दा है और हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बहुत अहम है। माने तो संघ ने अपनी बात और भावना को बहुत साफ शब्दों में व्यक्त कर दिया है। उसने अपनी आशंका भी जता दी है और सहमति भी। इसमें कोई शब्दों का जाल नजर नहीं आता है। संभव है संघ के इस रुख के बाद अब देखना यह है कि भाजपा जातीय जनगणना पर क्या रुख अपनाती है। हालांकि सवाल यह भी उठता है कि क्या संघ के रुख में बदलाव के पीछे हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजे हैं? क्योंकि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भारतीय राजनीति एक नए सियासी मोड़ पर नजर आती है, जहां जातीय जनगणना और आरक्षण की सुरक्षा जैसे मुद्दे अहम हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके को जातीय जनगणना और आरक्षण जैसे मुद्दों से जोड़कर देखा जा रहा है। जातीय जनगणना की पक्षधर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जिस तरह से लोकसभा चुनाव में मजबूत होकर उभरी, उसके पीछे की एक वजह दलितों व पिछड़े वर्गों की भाजपा से नाराजगी मानी जा रही है। इसलिए संभव है कि भगवा खेमे में यह आशंका हो कि यदि भाजपा इन वर्गों का समर्थन खोती रही तो देश में गैर भाजपा दल और मजबूत हो सकते हैं। लगता है संघ इस तीन दिवसीय मंथन में इसी आशंका के चलते इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि समाज के कल्याण के लिए जातीय आंकड़े एकत्र किए जाते हैं तो यह ठीक है।

बस चुनावी उपयोग नहीं होना चाहिए, पर इस बात की क्या गारंटी है कि जातीय आंकड़ों का इस्तेमाल चुनावी सियासत में नहीं होगा। हमारी चुनाव राजनीति के केंद्र में जातीय गणित आजादी के बाद से ही सबसे अहम है। अतः संघ की इस बैठक के बाद एक बाद तो साफ हो गई कि भारतीय राजनीति फिलहाल जाति के राजमार्ग पर ही आगे बढ़ने वाली है और वहीं से सत्ता समीकरण बनेंगे और बिगड़ेंगे। संभव है राम मंदिर व अनुच्छेद 370 जैसे मुद्दे फिलहाल पीछे रह जाएंगे। लोगों को लगता है कि दोनों मुद्दे हल हो चुके हैं और अब उस ओर लौटने की जरूरत नहीं है और अब जातीय बराबरी तथा संसाधनों का समान वितरण हासिल किया जाए। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल उसके सहयोगी दल लोकसभा चुनाव से पहले से ही जातीय जनगणना की हिमायत करते रहे हैं। वहीं, लोकसभा चुनाव से पहले वापस राजग की छतरी के लौटे जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने राज्य में जातीय सर्वे करा और आरक्षण का दायर बढाकर इस दिशा में बड़ी अहम पहल ही कर चुके हैं। हालांकि आरक्षण को 50 प्रतिशत के पार ले जाने से मामला कोर्ट में चला गया, लेकिन जदयू अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा के चुनाव में जातीय जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर राजद और कांग्रेस के लिए चुनावी मैदान खाली नहीं छोड़ेगा। वह इस मुद्दे को भुनाने में क्यों पीछे रहेगा। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) भी है। वह भी जातीय जनगणना और आरक्षण की प्रबल हिमायती के रूप में उभरी है। ऐसे में भाजपा को भी इन मुद्दों पर ऐसा तर्कसंगत रुख अपनाना पड़ेगा कि उसे चुनावी नुकसान न हो।

ऐसे में संघ की बैठक के बाद उभरा सहमति का सुर क्या भाजपा के लिए रुख में बदलाव का रास्ता खोल देगा। हालांकि सवाल यहां यह भी उठता है कि जातीय जनगणना की मुखर हिमायती बनी कांग्रेस ने अपने सुदीर्घ शासन काल में इस ओर कदम क्यों नहीं उठाए? ओबीसी आरक्षण भी पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के कार्यकाल में ही आगे बढ़ा। हालांकि इस बात का जवाब न कांग्रेस के पास होगा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पास, लेकिन विचार और रणनीति समय के साथ बदल जाती हैं। यही कांग्रेस के साथ है। लोकसभा चुनाव में इन मुद्दों की बदौलत पार्टी में हुए नए शक्ति संचार के बाद वह इससे पीछे क्यों हटेगी?

यदि हम हाल की कुछ घटनाओं पर गौर करें तो यह बात साफ नजर आती है कि कुछ मुद्दों पर विपक्ष के साथ भाजपा के सहयोगी दलों के भीतर से भी विरोध के सुर उभरे तो सरकार ने तुरंत अपने कदम पीछे खींच लिए और इन मुद्दों को विपक्ष के हाथ में सरकार के विरोध का एक रणनीतिक हथियार नहीं बनने दिया। जैसे अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण के उपवर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले व इसमें क्रीमीलेयर के प्रावधान संबंधी टिप्पणी हो, केंद्रीय सेवाओं में उच्च पदों पर संघ लोकसभा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती यानी लेटरल एंट्री हो या वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का मसला सरकार ने लचीला रुख दिखाया और लोगों का मूड भांपते हुए कदम पीछे खींचने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

इसलिए नहीं लगता कि वह जातीय जनगणना के मुद्दे को विपक्ष का सियासी हथियार बनने देगी। जल्द ही चार राज्यों हरियाणा, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में इन मुद्दों पर तस्वीर साफ हो जाएगी। अगले साल बिहार व दिल्ली में विधानसभा चुनाव ही होने वाले हैं। भाजपा नहीं चाहेंगे कि आरक्षण और जातीय जनगणना के मुद्दों को लेकर विपक्ष उसके राजनीतिक व सामाजिक समीकरण गड़बड़ा दे। ये चुनाव इस दृष्टि से बहुत अहम हैं। यदि भाजपा इस चनाव में कमजोर पड़ी तो विपक्ष और मजबूत और हमलावर हो जाएगा। वहीं, इन चुनावों में यदि भाजपा का प्रदर्शन सुधारा तो वह विपक्ष के हमलों की धार कुंद करने में सफल हो जाएगी और ताकतवर बनकर उभरेगी। इसलिए लगता है फिलहाल चुनावी राजनीति में जातीय जनगणना और आरक्षण के मुद्दों की गूंज रहेगी और राजनीति का रथ इसी ओर दौड़ता रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# व्यंग्यकार की बेचैनी



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

जिस समय वे मेरे यहां आए बेहद परेशान थे। अखबारों का बंडल हाथ में लिए शून्य में कहीं खोए थे। चाय पीने लगे तो मैंने ही कहा- 'चाय में मजा नहीं आ रहा? मेरा मतलब मन ठीक तो है?' उन्होंने बिना पलक झपकाए हुए देखा और गहरी सांस लेकर चाय को सुड़का तथा फिर मौन साधक की भूमिका में आ गए। मैंने फिर उनकी तंद्रा को तोड़ा- "शायद आज कुछ नया नहीं लिख पाए हैं। व्यंग्यकार को विषयों की कमी नहीं है। आज की मुख्य खबर 'रेलें भिड़ीं' पर लिख मारिए व्यंग्य।"

वे चौंके और अचकचाए- "हां मैं भी इसी पर लिखना चाहता हूं। दूसरी खबरों में दम भी नहीं हैं, परन्तु रेल भिड़ने पर क्या व्यंग्य हो सकता है?" मैं बोला- "रचना के ऊपर आप व्यंग्य लिखते हैं और वह व्यंग्य के कालम में छपती है, इसलिए वह रचना अपने-आप ही व्यंग्य हो गई। रचना में व्यंग्य आया या नहीं, इसकी परवाह आपने कब की है? आपको तो नित्यप्रति व्यंग्य लिखना है और उसे कहीं-न-कहीं छपवाना है, लिखकर भेज दीजिए, छप जाएगा।"

शर्मा तुम कहना क्या चाहते हो? उनके मुखारविंद से प्रश्न फूटा तो मैंने कहा- "कहना क्या है, व्यंग्य लिखने में आपका कोई दूसरा सानी नहीं है। दैनिक पत्रों की बहुत बड़ी आवश्यकता की पूर्ति करते हो। रेलों के भिड़ने में व्यंग्य खोजिए। सदी की भीषण दुर्घटना है। इस पर लिखा हुआ जरूर छपेगा। मेरा आशय आपकी उन टिप्पणियों से है, जो व्यंग्य कहलाती हैं, लेकिन यदि तुम मेरे लेखन से इतने प्रभावित हो तो यह बताओ, क्या नेपाल में भड़की हिंसा पर व्यंग्य नहीं हो सकता? उन्होंने गम्भीर मुद्रा में कहा। मैं बोला- आप मुझे बेवकूफ तो नहीं बना रहे? आपने तो ऐसी-ऐसी घटना-दुर्घटनाओं पर 'व्यंग्य' लिखे हैं, जिन पर व्यंग्य लिखने की व्यंग्यकारों ने कल्पना भी नहीं की है। व्यंग्य के लिए आप पुरस्कृत हुए हैं कई बार। मैं कैसे कह सकता हूं कि रेल और नेपाल में से कौनसा विषय ठीक रहेगा? जहां तक मेरा मानना है, अच्छा रहे आप दोनों पर व्यंग्य लिख दें। दोनों विषय ज्वलन्त हैं और विसंगत मूल्य उनमें निहित हैं। बात पते की कही है तुमने। विसंगति व्यंग्य को जन्म देती है। अब जरा यह बताओ कि इनमें विसंगति तुम्हारी नजर में क्या हो सकती है? मैंने कहा- इतना समझाया तो मैं खुद व्यंग्य नहीं लिख लेता। मैं भी आपकी ही तरह पत्र-पत्रिकाओं में छपता और नाम व दाम कमाता। विसंगति खोजना मेरे वश में नहीं है।" वे बोले-"मैं सामान्य आदमी के नजरिए से इन दोनों घटनाओं को देखना चाहता हूं। दिमाग पर जोर देकर कुछ बोले- मैं इन दोनों विषयों पर बहुत तीखा लिखना चाहता हूं। वह तो आपकी परेशानी से लग रहा है कि आपका नित्यप्रति लिखना नितान्त अनिवार्य है। चाहें तो आप सवाल खड़ा कर सकते हैं कि रेलें क्यों भिड़ीं और नेपाल में हिंसा क्यों भड़की? आप तो शब्द शिल्पी हैं, दो-ढाई पृष्ठ लिखना कोई मुश्किल काम नहीं है। अखबारों की माँग पर दोनों व्यंग्य रचनाएं अब बहुत जरूरी हैं।"मैं बोला तो वे खड़े हो गए और मुड़े-तुड़े अखबारों को फैलाकर पढ़ने लगे। मैंने कहा- व्यंग्य में आधा विवरण तो घटना और दुर्घटना का देना है। आधा आपका एकालाप हो सकता है। उन्होंने क्रोध से मुझे देखा और बोले- "तुम मुझे बता रहे हो कि व्यंग्य कैसे लिखा जाता है। तीन हजार व्यंग्य लिख चुका हूं मैं। मैं तो यों ही तुम्हारी राय जानना चाह रहा था, तुम तो देने लगे उपदेश।"

नहीं ... नहीं ...नहीं ... उपदेश मैं क्यों, आप दें, अपनी व्यंग्य रचना के माध्यम से। यह भी तो विसंगति और व्यंग्य है। मेरा मतलब आपका मासिक धर्म यह है कि तीस व्यंग्य रचनाएं आपकी छपनी चाहिए। उसके लिए विषय कोई भी हो सकता है। इधर वसंत आ रहा है, वसंत को भी क्यों छोड़ते हैं, उस पर भी लिखिए व्यंग्य। इस बार वे ढ़ीले पड़े और बोले-"तुम काम के आदमी हो। तुम्हारे पास कच्चा माल बहुत है। तुमसे नियमित मिला करूँगा।"

मैं बोला-"मुझसे नियमित नहीं मिल पाओगे। इधर मेरे पास समयाभाव है और फिर मैं आप ही की तरह व्यंग्य लेखन की ओर उन्मुख होना चाहता हूँ।" उन्होंने अखबार समेटे और मुझसे बिना बोले फटाफट चले गए। मेरी समझ में नहीं आया कि उन्होंने मेरी ऐसी उपेक्षा क्यों की? व्यंग्यकार की बेचैनी से मैं अनभिज्ञ था।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हमारा संकल्प संकल्प है कि "RISING RAJASTHAN" इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से राजस्थान को भारत का सर्वाधिक आकर्षक एवं प्राथमिक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाए। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रदेश सरकार राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों एवं कुशल मानव संसाधन का समुचित उपयोग करते हुए, एक ऐसा सुदृढ़ पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है।

## संत शांति सागर का समाधि दिवस (भाद्र शुक्ला दोज)

# दक्षिण में जन्मे उत्तर भारत में जगाई दिगम्बरत्व की अलख



पदम जैन बिलाला
जनकपुरी, ज्योति नगर, जयपुर

दिगम्बर जैन धर्म के 20वीं सदी में पहले आचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज ने उत्तर भारत में पारंपरिक दिगम्बर प्रथाओं के शिक्षण और अभ्यास को पुनर्जीवित किया। देवप्पा (देवकीर्ति) स्वामी जी द्वारा उन्हें संघ में क्षुल्लक के रूप में प्रतिष्ठित किया गया था। उन्होंने तीर्थंकर नेमिनाथ की प्रतिमा के समक्ष अपनी ऐलक दीक्षा (धार्मिक प्रतिज्ञा) ली। लगभग 1920 में, शांतिसागर जी जैन धर्म के दिगंबर संप्रदाय के पूर्ण दिगम्बर मुनि बन गए। 1922 में, कर्नाटक के बेलगाम जिले के यरनाल गांव में, उन्हें "शांति सागर जी" नाम दिया गया।


**नाना के घर में हुआ जन्मः** आचार्य शांति सागर का जन्म नाना के घर आषाढ़ कृष्णा 6, विक्रम संवत् 1929 सन् 1872 बुधवार 23 जुलाई की रात्रि में शुभ लक्षणों से युक्त बालक सातगौड़ा का दक्षिण भारत के यालागुडा गांव (भोज), कर्नाटक में हुआ था। उनकें पिता का नाम भीमगौडा पाटिल और माता का नाम सत्यवती था। नौ वर्ष की आयु में इच्छा के विरुद्ध इनकी शादी कर दी गयी थी, जिनसे शादी हुई थी, उनकी 6 माह पश्चात ही मृत्यु हो गई थी।

**चारित्र चक्रवर्ती का अलंकरणः** दिगम्बर साधु सन्त परम्परा में वर्तमान युग में अनेक तपस्वी, ज्ञानी ध्यानी सन्त हुए। उनमें आचार्य शांतिसागरजी महाराज एक ऐसे प्रमुख साधु श्रेष्ठ तपस्वी रत्न हुए हैं, जिनकी अगाध विद्वता, कठोर तपश्चर्या, प्रगाढ़ धर्म श्रद्धा, आदर्श चरित्र और अनुपम त्याग ने धर्म की यथार्थ ज्योति प्रज्वलित की। आपके इन सब गुणों ने ही आपको चारित्र चक्रवर्ती का सम्मान दिया। आपने लुप्तप्राय, शिथिलाचारग्रस्त मुनि परम्परा का पुनरुद्धार कर उसे जीवन्त किया, यह निग्रन्थ श्रमण परम्परा आपकी ही कृपा से अनवरत रूप से आज तक प्रवाहमान है।

**सल्लेखना में ही बनाया उत्तराधिकारीः** जीवन पर्यन्त मुनिचर्या का निर्दोष पालन करते हुए 84 वर्ष की आयु में दृष्टि मंद होने के कारण सल्लेखना की भावना से आचार्य श्री सिद्धक्षेत्र कुंथलगिरी जी पहुंचे। वहां पर उन्होंने 13 जून को विशाल धर्मसभा के मध्य आपने सल्लेखना धारण करने के विचारों को अभिव्यक्त किया। 15 अगस्त को महाराज ने आठ दिन की नियम-सल्लेखना का व्रत लिया जिसमें केवल पानी लेने की छूट रखी। 17 अगस्त को उन्होंने यम सल्लेखना या समाधिमरण की घोषणा की तथा 24 अगस्त को अपना आचार्य पद अपने प्रमुख शिष्य श्री 108 वीरसागर जी महाराज को प्रदान कर घोषणा पत्र लिखवाकर जयपुर (जहां मुनिराज विराजमान थे) पहुंचाया। आचार्य श्री ने 36 दिन की सल्लेखना में केवल 12 दिन जल ग्रहण किया।

**युग प्रवर्तक की समाधिः** 18 सितम्बर 1955 को प्रातः 6:50 पर भाद्र शुक्ला दोज रविवार को ॐ सिद्धोऽहं का ध्यान करते हुए युगप्रवर्तक आचार्य श्री शांतिसागर जी ने नश्वर देह का त्याग कर दिया। संयम-पथ पर कदम रखते ही आपके जीवन में अनके उपसर्ग आये जिन्हें समता पूर्वक सहन करते हुए आपने शांतिसागर नाम को सार्थक किया।

**आचार्य पदारोहण शताब्दी महोत्सव समडोली मेंः** निर्यापक श्रमण बालयति मुनिश्री 108 विद्यासागर जी महाराज (2019 में जयपुर चातुर्मास) समडोली, तालुका मिरज जिला-सांगली, महाराष्ट्र में विराजित है। समडोली में समाधिस्थ आचार्य शांति सागर जी का आचार्य पदारोहण हुआ था। समडोली ग्राम में ही सर्वप्रथम आचार्यश्री का चतुःसंघ स्थापन हुआ। अब तक केवल अकेले महाराज ही निग्रंथ साधु स्वरूप में विहार करते थे। अब संघ सहित विहार होने लगा। संघ ने उनको 'आचार्य' घोषित किया। समडोली में आचार्य पदारोहण शताब्दी वर्ष के वृहत कार्यक्रम मुनि श्री विद्या सागर जी के पावन सानिध्य में चल रहे हैं।



### जम्मू कश्मीर में सियासत गरमाई : नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर के बयान पर पीडीपी प्रमुख का पलटवार

# BJP के साथ गठबंधन नहीं... बिना PDP के नहीं बनेगी सरकार : महबूबा

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सियासी पारा लगातार चढ़ रहा है और विभिन्न दलों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप व सियासी हमले जारी हैं। पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने प्रदेश में भाजपा के साथ किसी तरह के गठबंधन की संभावना को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी के बिना सरकार गठन संभव नहीं होगा। मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि पार्टी केवल सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने यहां पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, 1947 से ही ये लोग ऐसा करते आ रहे हैं। इसके अलावा इनका कोई और उद्देश्य नहीं है। ये लोग सिर्फ सरकार बनाने के लिए, मंत्री पद के लिए गठबंधन करते हैं। ज्ञात रहे कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा और पीडीपी आपस में गठबंधन



कर लेंगी। इसलिए भाजपा ने राम माधव को पार्टी का प्रभारी बनाकर जम्मू कश्मीर भेजा है। महबूबा ने उमर के इस बयान के बाद ही यह पलटवार किया है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि हमने (2002 में) सिर्फ 16 विधायकों के साथ सरकार बनाई थी। अल्लाह ने चाहा तो इस बार भी पीडीपी के बिना कोई सरकार नहीं बनेगी। हालांकि, मुफ्ती ने कहा कि पीडीपी का ध्यान अपने एजेंडे को लागू करने पर अधिक है और सरकार गठन पर कम। महबूबा ने 2015 में भाजपा के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई थी। महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि राज्य में विधानसभा चुनावों के दौरान एक बार फिर पुलिस विभाग के कई लोग सक्रिय हो गए हैं और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नाम पर लोगों को परेशान कर रहे हैं और उन्हें गिरफ्तार कर रहे हैं।

### AIP 52 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, लोकसभा जैसी सफलता की उम्मीद

**श्रीनगर।** कश्मीर की बारामुला संसदीय सीट पर हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में मिली जीत से उत्साहित आवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) अब आगामी विधानसभा चुनावों में भी अपना प्रदर्शन दोहराने की कोशिश में लगी है। चुनाव के लिए एआईपी ने अब तक 22 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी विधानसभा की 52 सीट पर उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारेगी। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में एआईपी उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद को बारामुला सीट पर उमर अब्दुल्ला को 2 लाख से अधिक मतों से हराया था। गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत तिहाड़ जेल में बंद होने के कारण, उनके बेटे अबरार राशिद और असरार ने उनका प्रचार किया था। उस दौरान उन्होंने मतदाताओं से अपने कैद पिता के लिए वोट देने का आग्रह किया। एआईपी की राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष इश्तियाक कादरी ने कहा कि वे कश्मीर और जम्मू में 52 सीटों पर उम्मीदवार उतार रहे हैं। कादरी ने कहा कि एआईपी को उम्मीद है कि पूरे कश्मीर में भी पार्टी वैसा ही प्रदर्शन करेगी जैसा बारामुला संसदीय सीट पर किया। उन्होंने कहा, विरोधी दलों के पास हमारे खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है, सिवाय उन्हें भाजपा का एजेंट बताने के। उनकी असुरक्षा उन्हें ऐसे आरोप लगाने के लिए मजबूर करती है।

### मराठों से नफरत करते हैं देवेंद्र फडणवीस: जरांगे



**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मराठों से नफरत करने वाला बताया। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार में भी फडणवीस की इच्छा के बिना कुछ भी होता है और उन्हें जो सही लगता है, वह वहीं करते हैं। जरांगे ने यह चेतावनी भी दी कि अगर मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिला तो महायुति गठबंधन राज्य में सत्ता में नहीं रहेगा। महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए जरांगे ने कहा कि ये लाड़की बहिन जैसी योजनाएं ला रहे हैं, लेकिन ये आरक्षण देने के लिए तैयार नहीं। साथ ही वे कृषि उपज को उचित मूल्य भी नहीं दे रहे हैं।

### झारखंड-महाराष्ट्र में चुनाव की घोषणा अक्टूबर में संभव

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक झारखंड के अलावा महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है ऐसे में दोनों राज्यों में चुनाव एक साथ 26 नवंबर से पहले कराए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक राज्य में तीन चरणों में मतदान कराने की तैयारी है। हालांकि इस पर अंतिम मुहर निर्वाचन आयोग के द्वारा लगाई जाएगी। चुनाव की घोषणा से पूर्व भारत निर्वाचन आयोग की टीम के अक्टूबर के पहले सप्ताह में झारखंड दौरे पर आने की संभावना है। इन सबके बीच मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा चुनाव तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निचले स्तर के निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा में दुष्कर्म विरोधी विधेयक अपराजिता पारित


# अब दुष्कर्म के दोषियों को मौत की सजा, 21 दिन में करनी होगी जांच

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा ने मंगलवार को सर्वसम्मति से दुष्कर्म विरोधी विधेयक 'अपराजिता' पास कर दिया है। विपक्ष ने भी इस विधेयक का पूरा समर्थन किया है। यह विधेयक गत दिनों आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के बाद पारित किया गया है। इस घटना के बाद राज्य की ममता सरकार पर चौतरफा हमले हो रहे थे। इसलिए सरकार ने विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है।

सत्र के पहले दिन मंगलवार को राज्य के कानून मंत्री मलय घटक ने विधेयक पेश किया। इस विधेयक में बलात्कार के दोषियों को मौत की सजा देने का प्रावधान है। अगर पीड़िता की मृत्यु हो जाती है या वह कोमा में चली जाती है तो दोषियों को 10 दिन में फांसी की सजा होगी।

सीएम ममता बनर्जी ने विधेयक को ऐतिहासिक बताया और कहा कि राज्य में विशेष अपराजिता टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच में तेजी आएगी। विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी इस विधेयक पर सरकार का समर्थन किया, लेकिन कहा कि वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द विधेयक को कानून बनाकर लागू किया जाए। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हम बस नतीजे चाहते हैं।



#### अपराजिता बिल के प्रमुख प्रावधान

- अपराजिता विधेयक के अनुसार, रेप और हत्या करने वाले आपराधी के लिए फांसी की सजा का प्रावधान है। ऐसे मामलों में पुलिस को 21 दिनों जांच पूरी करनी होगी। दरिंदगी करने वाले के खिलाफ चार्जशीट दायर करने के 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का प्रावधान है। अपराधी की मदद करने पर 5 साल की कैद की सजा का प्रावधान किया गया है। गैंगरेप मामलों में उम्रकैद की सजा या मौत की सजा का प्रावधान है।
- इस विधेयक में हर जिले में स्पेशल अपराजिता टास्क फोर्स के गठन का प्रावधान है। यह टास्क फोर्स रेप, एसिड, अटैक और छेड़छाड़ जैसे मामलों में कार्रवाई करेगी।
- विधेयक में बलात्कार के साथ ही एसिड अटैक भी उतना ही गंभीर अपराध माना गया है। इसके लिए इस बिल में आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है
- विधेयक के अनुसार, रेप पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ 3 से 5 साल की सजा का प्रावधान है।
- अपराजिता विधेयक में सभी यौन अपराधों और एसिड अटैक की सुनवाई 30 दिनों में पूरी करने का प्रावधान है।

#### विशेष अपराजिता टास्क फोर्स का होगा गठन

अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 पर विधानसभा में चर्चा के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय और दोषियों को कड़ी सजा देना है। उन्होंने कहा, दुष्कर्म मानवता के खिलाफ अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के प्रावधानों के तहत हम जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक विशेष अपराजिता टास्क फोर्स का गठन करेंगे। जिससे तय समय में महिला-बाल अपराधों के मामले में जांच पूरी कर दोषियों को सजा दिलाई जा सकेगी। विधेयक में विशेष न्यायालयों और विशेष कार्यबलों की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है जो यौन हिंसा के मामलों की सुनवाई और जांच करेंगे।

#### कानून में खामियों को दूर करने का प्रयास: ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से उनकी सरकार ने पीड़ितों और उनके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए केंद्रीय कानूनों में मौजूद खामियों को दूर करने की कोशिश की है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग की, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू करने में सक्षम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपराजिता महिला-बाल विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए अन्य राज्यों के लिए भी इस विधेयक को आदर्श बताया। विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायकों ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीएम ने कहा कि क्या होगा अगर मैं भी उन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगाऊं, जिन कारणों से आप मेरे खिलाफ नारे लगा रहे हैं।'

### झारखंड में सियासत तेज

# सीएम हेमंत सोरेन की खरगे व राहुल गांधी से मुलाकात



एजेंसी | नई दिल्ली

झारखंड में विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले सियासत गरमाने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद बदले सियासी परिदृश्य में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को राजधानी दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले। सीएम सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। हालांकि इसको शिष्टाचार मुलाकात बताया जा रहा है, लेकिन राजनीति के जानकार इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीरों के मायने निकाल रहे हैं। झारखंड में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा का चुनाव होने हैं। इससे पहले इस मुलाकात को काफी अहम बताया जा रहा है।

#### क्यों अहम है यह मुलाकात

सीएम सोरेन के राहुल गांधी से मुलाकात को इसलिए बेहद खास बताया जा रहा है क्योंकि असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा खुलकर कह चुके हैं कि चुनाव बाद उनसे बातचीत संभव है। वह स्पष्ट कर चुके हैं कि हेमंत सोरेन को तय करना होगा कि वह बांग्लादेशी घुसपैठ से बदल रही डेमोग्राफी और झारखंड के विकास के लिए अगर सही मायने में चिंता करते हैं तो उन्हें कांग्रेस का साथ छोड़ना होगा। लेकिन सीएम हेमंत सोरेन ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और के.सी.वेणुगोपाल से मुलाकात कर बता दिया है कि इस मामले में उनका क्या रुख होने जा रहा है। सोरेन ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में कहा, हम पूरी ताकत से सरकार चलाएंगे और भविष्य में चुनाव भी लड़ेंगे। इसके लिए रूपरेखा भी तैयार करेंगे। इससे पहले हेमंत सोरेन ने नए झारखंड भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### नीतीश व तेजस्वी की आठ माह बाद मुलाकात... कयासों पर बोले नेता प्रतिपक्ष

# सूचना आयुक्त की नियुक्ति व आरक्षण पर चर्चा

एजेंसी | पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंगलवार पटना स्थित सचिवालय में राजद नेता तेजस्वी यादव की यह मुलाकात हुई है। इस मुलाकात को लेकर एक तरफ जहां सियासी हलचल तेज थी तो दूसरी तरफ कई लोग अपनी-अपनी तरफ से कयास लगा रहे थे। हालांकि, इस बैठक के बाद जब तेजस्वी यादव बाहर निकले तब उन्होंने मीडिया से कहा, हम लोगों ने आरक्षण से संबंधित मसले पर नौवीं अनुसूची को लेकर बातचीत की है। इस मामले



में सीएम नीतीश कुमार का कहना है कि केस कोर्ट में है। हमने भी कहा कि, हम भी कोर्ट पहुंच गए हैं। आप रखिए हम भी रखते हैं अच्छे से। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता विपक्ष तेजस्वी यादव अलग-अलग गाड़ियों से एक साथ ही सचिवालय पहुंचे थे। करीब 8 महीने बाद दोनों नेताओं की यह मुलाकात हुई है। इस दौरान राज्य में नए सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर भी चर्चा की गई है। सूचना आयुक्त की नियुक्ति सीएम और नेता प्रतिपक्ष मिलकर करते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि सूचना आयोग के दोनों सदस्यों की नियुक्ति पर सहमति बन गई है और तेजस्वी यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जल्द ही इस पर जानकारी देगी। बहरहाल कहा जा रहा है कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई है लेकिन इन दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात से अटकलों का बाजार जरूर गरम रहा।

### RPI (अठावले) हरियाणा व J&K में लड़ेगी चुनाव

# भाजपा के लिए बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एजेंसी | मुंबई

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के हरियाणा व जम्मू कश्मीर में चुनाव लड़ने के फैसले से दोनों राज्यों में सत्ता में आने की उम्मीद लगाए बैठी भाजपा के लिए मुश्किल पैदा हो सकती है। भाजपा इन दोनों राज्यों में बिना किसी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन के चुनाव लड़ रही है। जबकि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना तलाश रही है,वहीं इनेलो, बसपा के साथ तथा



जननायक जनता पार्टी, चंद्रशेखर आजाद की अपना समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) प्रमुख रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में 16-17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शेष सीटों पर भाजपा को समर्थन देगी। इससे पहले उनकी पार्टी ने हरियाणा में भी 10 से 12 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अठावले ने कहा कि दोनों राज्यों हरियाणा और जम्मू कश्मीर में राजग की सरकार बनेगी।

### हरियाणा की चुनावी चिट्ठी

# कांग्रेस व आप मिलकर लड़ सकती हैं चुनाव... संभावना पर मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली/चंडीगढ़

अगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए बढ़ती सियासी सरगर्मी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की संभावनाओं के बारे में चर्चा की। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की नई दिल्ली में हुई बैठक दौरान राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि गठबंधन के वोटों का बंटवारा न हो। दूसरी ओर हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वे आम आदमी पार्टी को केवल 3-4 सीटें दे सकते हैं, लेकिन वे



इससे ज्यादा की मांग कर रहे हैं, इसलिए गठबंधन मुश्किल लगता है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को हुई बैठक में राज्य की 34 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं। इनमें 22 मौजूदा विधायकों के नाम शामिल हैं। पार्टी की

स्क्रीनिंग कमेटी ने 49 विधानसभा सीटों पर एक नाम का पैनल केंद्रीय चुनाव समिति के सामने रखा था, जिसमें से 15 नामों पर सहमति नहीं बन पाई। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हरियाणा की ओर से पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान शामिल हुए। केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक में मौजूदा 28 विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें 23 से 24 विधायकों को टिकट देने पर सहमति बन गई है। सबसे अधिक पेंच समालखा से धर्म सिंह छौकर और महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह के टिकट को लेकर फंसा रहा। बताया जाता है कि राव दान सिंह ने उन्हें टिकट नहीं दिए जाने की स्थिति में अपने बेटे का नाम आगे किया, लेकिन प्रभारी ने कहा कि उनके विरुद्ध भी उसी तरह का फीडबैक है, जैसा राव के विरुद्ध आया हुआ है। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन और कमेटी के तीनों सदस्य शामिल हुए।

#### राव नरवीर के कांग्रेस में आने पर कोई बात नहीं: बाबरिया

कांग्रेस महासचिव एवं हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कहा कि भाजपा के पूर्व मंत्री राव नरवीर के कांग्रेस में आने को लेकर मेरे से कोई बात नहीं हुई है, लेकिन मुझे जानकारी मिली है कि वे प्रदेश चुनाव समिति के नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। राव नरवीर ने कांग्रेस में आने की इच्छा जताई है।

#### 49 सीटों पर चर्चा... 34 नाम तय, जल्द जारी होगी सूची, विनेश लड़ सकती हैं चुनाव

बाबरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। उन्होंने कहा कि 49 सीटों पर चर्चा की गई और उनमें से 34 पर नाम तय किए गए हैं। 15 सीटों को समीक्षा के लिए भेजा गया है। 34 सीटों में से 22 मौजूदा विधायकों की सीटें हैं। लंबित नामों को अगले 2-3 दिनों में मंजूरी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम विनेश फोगाट के बारे में भी स्पष्ट करेंगे।

#### हुड्डा गढ़ी सांपला से होंगे प्रत्याशी!

भूपेंद्र हुड्डा को गढ़ी सांपला किलोई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे जबकि प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को होडल निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा जाएगा। बैठक के दौरान पार्टी ने विनेश फोगाट और राज्यसभा सांसद कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला की संभावित उम्मीदवारी पर कोई चर्चा नहीं हुई।

## जरूरी खबर

### बंगाल सरकार के खिलाफ SC पहुंची केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची और कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सुरक्षा का दायित्व संभाल रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सहयोग देने में बंगाल सरकार पर असहयोग करने का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस सरकार के इस असहयोग को व्यवस्थागत कमजोरी का उदाहरण बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ को पूरा सहयोग देने के लिए बंगाल सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिए जाने की मांग की है। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने 20 अगस्त को अस्पताल में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या को भयावह करार देते हुए कई निर्देश जारी किए थे, जिनमें डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रोटोकॉल बनाने के लिए 10 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स का गठन शामिल है।

### मुलायम की बहू अपर्णा यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव को भाजपा ने पार्टी में शामिल करने के ढाई साल बाद बड़ी जिम्मेदारी दी है। अपर्णा को उत्तर प्रदेश महिला आयोग का उपाध्यक्ष बना दिया गया है। महिला कल्याण अनुभाग की ओर से मंगलवार शाम जारी अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल आनंदबेन पटेल ने आगरा की बबीता चौहान को अध्यक्ष बनाया है। अपर्णा के साथ ही गोरखपुर की चारू चौधरी को भी महिला आयोग की उपाध्यक्ष बनाया गया है। अपर्णा यादव मुलायम की दूसरी पत्नी साधना यादव के बेटे प्रतीक यादव की पत्नी हैं।

### केजरीवाल की हिरासत की अवधि 11 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 11 सितंबर तक बढ़ा दी। इस दौरान केजरीवाल के वकील ने उनकी हिरासत की अवधि बढ़ाने का विरोध किया। इससे पहले केजरीवाल को मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पेश किया गया। इसी मामले में सीबीआई की ओर से दायर चौथे आरोपपत्र का भी संज्ञान लिया है। सीबीआई ने केजरीवाल, दुर्गेश पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर और सरथ रेड्डी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था।

## पीएम मोदी ने की भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात




**बंदर सेरी बेगावान (ब्रुनेई)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ब्रुनई की प्रसिद्ध उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का दौरा किया। इस मस्जिद को वर्तमान सुलतान हसनल बोल्किया के पिता ने बनवाया था। मस्जिद में ब्रुनेई के धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज अवंग बदरुद्दीन ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान देश के स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद ईशाम भी मौजूद थे। पीएम मोदी का यहां पर भारतीय समुदाय के लोगों ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने उनसे बातचीत भी की।

## एटलस साइकिल के पूर्व अध्यक्ष कपूर ने की खुदकुशी



**नई दिल्ली।** एटलस साइकिल के पूर्व अध्यक्ष सलिल कपूर ने मंगलवार दोपहर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित उनके तीन मंजिला घर के भूतल पर पूजा कक्ष में उनका लहूलुहान शव मिला। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने आर्थिक कारणों से परेशान होने और चार लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे सलिल कपूर के मैनेजर ने पूजा कक्ष के पास उन्हें लहूलुहान हालत में देखा। उसके बाद उन्हें तुरंत एम्स ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**ब्रुनई पहुंचे पीएम मोदी : प्रसिद्ध उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का किया दौरा**

# भारत-ब्रुनेई रक्षा संबंधों को और करेंगे मजबूत, बढ़ेगी साझेदारी

**एजेंसी** | बंदर सेरी बेगवान(ब्रुनेई)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ रिश्तों को मजबूत करने की भारत की नीति के तहत मंगलवार को द्वीप देश ब्रुनेई पहुंचे। यहां से पीएम मोदी बुधवार को सिंगापुर के दौर पर जाएंगे। सूत्रों के अनुसार पीएम की इस यात्रा के दौरान रक्षा साझेदारी पर विशेष जोर होगा। इसकी वजह है कि दोनों पक्ष रक्षा क्षेत्र में एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने के इच्छुक हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारत और ब्रुनेई रक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, स्पेस टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सहयोग के विविध क्षेत्रों में एक दूसरे जुड़े हैं।

अपनी यात्रा के पहले दिन मंगलवार को उन्होंने ब्रुनेई के बंदर सेरी बेगवान में स्थित ऐतिहासिक उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का दौरा किया है। वहां पहुंचने पर उनका स्वागत ब्रुनेई के धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज हाजी अवांग बदरुद्दीन ने किया। उनके साथ ब्रुनेई के स्वास्थ्य मंत्री हाजी मोहम्मद इशाम भी थे। वहां भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे जिन्होंने पीएम मोदी का स्वागत किया। ब्रुनेई में अभी भारत के करीब 14,000 लोग रहते हैं। पीएम मोदी भारत-ब्रुनेई दारुस्सलाम के राजनयिक संबंधों के 40 साल पूरे होने के मौके पर इस द्वीप देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह आसियान देशों की बैठक में भाग लेने ब्रुनेई गए थे। भारत और ब्रुनेई दारुस्सलाम के बीच राजनयिक संबंध 1984 में स्थापित हुए थे।

### उच्चायोग के परिसर का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को ही ब्रुनेई में भारतीय उच्चायोग के नए 'चांसरी' परिसर का भी उद्घाटन किया और इसे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों का संकेत बताया। पीएम मोदी ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, भारतीय उच्चायोग के नये 'चांसरी' परिसर का उद्घाटन करके प्रसन्न हूं। यह ब्रुनेई दारुस्सलाम के साथ हमारे मजबूत संबंधों का संकेत है। यह भारतीय मूल के लोगों की भी सेवा करेगा। विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस अवसर पर मोदी ने दीप प्रज्वलित किया तथा पट्टिका का अनावरण किया।

### शुद्ध सोने से ढका है मस्जिद का मुख्य गुंबद

यह ऐतिहासिक मस्जिद ब्रुनेई के 28वें सुल्तान उमर अली सैफुद्दीन तृतीय के नाम पर बनी है। उमर अली सैफुद्दीन तृतीय मौजूदा सुल्तान के पिता थे, जिन्होंने इस मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू करवाया था और यह 1958 में बनकर तैयार हुई थी। यह मस्जिद ब्रुनेई में इस्लामी आस्था का प्रतीक केंद्र है। यह आधुनिक इस्लामी वास्तुकला का भी एक उत्तम नमूना है। ये मस्जिद मुगल वास्तुकला और मलय शैलियों का मिश्रण है और इसका डिजाइन वास्तुकार और मूर्तिकार रुडोल्फो नोली ने तैयार किया था। मस्जिद की सबसे अलग और बड़ी विशेषता इसका मुख्य गुंबद है, जो शुद्ध सोने से ढका हुआ है। मस्जिद 52 मीटर ऊंची है और इसे बंदर सेरी बेगवान में लगभग कहीं से भी देखा जा सकता है। ब्रुनेई नदी के तट पर कम्पोंग आयर में एक कृत्रिम लैगून में इसका निर्माण किया गया है।

**तेलंगाना व आंध्र में बारिश से बर्बादी**

# 1.80 लाख हेक्टेयर में फसलें बर्बाद, 33 लोगों की मौत

**एजेंसी** | नई दिल्ली



मूसलधार बारिश की मार झेल रहे तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में मंगलवार को भी कई स्थानों पर बारिश हुई। नदी-नाले अभी भी उफान पर हैं। रिहायशी इलाकों में पानी भर गया है, खासकर निचले क्षेत्रों में। आंध्र में इस बाढ़ से कुल 2,684 किलोमीटर लंबी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं जबकि 1.80 लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में फसलें बर्बाद हो गईं हैं। 20 जिलों के किसान इससे प्रभावित हुए हैं। राज्य में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 6.4 लाख हो गई है। वहीं, दोनों राज्यों में अभी तक 33 लोगों की मौत हो चुकी हैं जबकि लाखों लोग बेघर हो गए हैं और राहत शिविरों में रह रहे हैं। एनडीआरएफ, सेना समेत कई एजेंसियां बचाव-एवं राहत कार्य जोर-शोर से चलाए हुए हैं और प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। लगातार चौथे दिन सड़क व रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई शहरों का एक-दूसरे से संपर्क कट गया हैं। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। मंगलवार को भी 323 ट्रेनें रद्द की गईं जबकि 170 के मार्ग बदले गए। इस बीच, तेलंगाना के कर्मचारियों, राजपत्रित अधिकारियों, शिक्षकों, श्रमिकों और पेंशनभोगियों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने बाढ़ राहत के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में लगभग 130 करोड़ रुपए देने का एलान किया है। यह राशि सभी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के एक दिन के मूल वेतन के बराबर है। तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर भी ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री राहत कोष में 50-50 लाख रुपये देने की घोषणा की। बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू विजयवाड़ा में ही डेरा डाले हुए हैं।

# पूर्व प्रिंसिपल घोष CBI हिरासत में

**एजेंसी** | कोलकाता



कोलकाता की एक अदालत ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उसके तीन साथियों को मेडिकल कॉलेज में कथित वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में आठ दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने कोर्ट से संदीप घोष की 10 दिन की हिरासत मांगी थी। सीबीआई ने अलीपुर जज कोर्ट को बताया, हमने अभी चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक बड़ा गठजोड़ है जिसका पर्दाफाश करने की जरूरत है और इसलिए हम उनसे पूछताछ की मांग कर रहे हैं। हमें पूरे गठजोड़ का पता लगाने के लिए उन्हें हिरासत में लेना जरूरी है।

### लोगों ने चोर-चोर के लगाए नारे

अदालत जाने के लिए केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय से निकलने के दौरान घोष को देखकर लोगों ने चोर-चोर के नारे लगाए। तभी पीछे से किसी ने संदीप के सिर पर थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पुलिस और केंद्रीय बलों ने स्थिति पर काबू पा लिया। जब संदीप कार के साथ कोर्ट में दाखिल हुआ तो विरोध शुरू हो गया।

**आईसी-814: द कंधार हाईजैक: अधिकारियों के समक्ष पेश हुई नेटफ्लिक्स की कंटेंट हेड**

# फटकार के बाद डिस्क्लेमर में जोड़ेंगे असली नाम

**एजेंसी** | नई दिल्ली



ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स की विवादित वेबसीरीज 'आईसी-814: द कंधार हाईजैक' की आपत्तिजनक विषयसामग्री के संदर्भ में नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट हेड मोनिका शेरगिल मंगलवार की सुबह सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू के समक्ष पेश हुईं। जाजू के आफिस में 40 मिनट चली बैठक में चैनल के अधिकारियों को बताया गया कि वह ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर देश की जनता की भावनाओं से नहीं खेल सकते हैं। मोनिका ने कहा कि वर्ष 1999 की वास्तविक घटना पर आधारित इस सीरीज में अब ओपनिंग डिस्क्लेमर दिया जाएगा। सीरीज में पाकिस्तानी आतंकियों में से दो को हिंदू नाम भोला और शंकर से संबोधित किया गया था। अब फिल्म के वैधानिक संदेश में उनके असली मुस्लिम नाम दिए जाएंगे। नेटफ्लिक्स ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि उन्होंने विमान को हाइजैक करने वाले अपहरणकर्ताओं के असली नाम भी जोड़ दिए हैं।

केंद्र सरकार के अधिकारियों ने नेटफ्लिक्स के अफसरों को कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म की विषय सामग्री में भारतीय सभ्यता और संस्कृति के साथ यहां की परंपराओं का भी हमेशा आदर किया जाना चाहिए। शास्त्री भवन में मंगलवार को यह बैठक केंद्र सरकार की ओर से अमेरिकी मीडिया कंपनी नेटफ्लिक्स के कंटेट हेड को तलब किए जाने पर हुई है।

**सशस्त्र सेनाओं की बढ़ेगी ताकत**

# 1.45 लाख करोड़ से होगी टैंक-रडार व सैन्य उपकरणों की खरीद

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सरकार ने सशस्त्र सेनाओं की क्षमता बढ़ाने और आधुनिकीकरण के लिए करीब 1 लाख 45 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके तहत

इनमें सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद का प्रस्ताव भी शामिल है। एफआरसीवी बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक और घातक आग पर काबू पाने वाले उपकरणों से लैस मुख्य युद्धक टैंक है। इन सौदों की कुल लागत का 99 प्रतिशत देश में ही डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी का होगा।

### स्वदेशी बमवर्षक UAV ने भरी पहली सफल उड़ान

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रक्षा क्षेत्र की कंपनी फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस (एफडब्ल्यूडीए) ने देश के पहले स्वदेशी बमवर्षक मानवरहित विमान (यूएवी) एफडब्ल्यूडी 200बी की पहली सफल उड़ान की मंगलवार को घोषणा की। इसका डिजाइन, एयरफ्रेम, प्रणोदन प्रणाली, नियंत्रण प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक्स सभी भारत में एफडब्ल्यूडीए के अत्याधुनिक विनिर्माण केंद्र में बनाए गए हैं। एफडब्ल्यूडीए के संस्थापक और सीईओ सुहास तेजसंद ने बताया मीडियम एल्टीट्यूड (15,000 फुट) लांग एंड्योरेंस (एमएएलई) वाला एफडब्ल्यूडी 200बी निगरानी के लिए आप्टिकल पेलोड और हवाई हमलों और बमबारी के लिए मिसाइल जैसे हथियारों से लैस है।

### वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडार की खरीद को भी मिली मंजूरी

परिषद ने एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद को भी मंजूरी दी है। यह हवाई लक्ष्य का पता लगाएगा। यह लक्ष्य ट्रैक करने के साथ-साथ फायरिंग करने में भी सक्षम होगा। परिषद ने फॉरवर्ड रिपेयर टीम की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड की ओर से डिजाइन और विकसित किया गया है। यह मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन और बख्तरबंद रेजिमेंट दोनों के लिए मंजूर किया गया है।

### तटरक्षक बल को भी मिलेगी मजबूती

बैठक में भारतीय तटरक्षक बल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें डोर्नियर-228 विमान के अलावा अगली पीढ़ी के गश्ती जहाजों की खरीद शामिल है। इससे समुद्री क्षेत्र में आईसीजी की निगरानी और गश्त करने की क्षमता में वृद्धि होगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जोरावर टैंक में लगाई स्वदेशी 102 मिमी की तोप

भारत के स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर के ट्रायल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस टैंक में देश में ही तैयार की गई 105 मिमी की तोप लगाई जाएगी। यह तोप इसके प्रोटोटाइप में लगी कॉकरिल 105 मिमी हाई प्रेशर (एचपी) तोप की जगह लेगी। फिलहाल ये टैंक गुजरात में एलएंडटी की हजीरा फैसिलिटी में है। टैंक में लगने वाली 105 मिमी तोप के ट्रायल के लिए इसे अवाडी स्थित कॉम्बैट व्हीकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट में ले जाया जाएगा।

### संवाद: यूथ आइकन को अपने बीच पाकर रोमांचित हुईं फिक्की फ्लो मेंबर्स

# जोखिम लेने का साहस हो तो बदला जा सकता है जूनून को व्यवसाय में




बेधड़क.जयपुर। यूथ आइकॉन को अपने बीच पाकर मेंबर्स रोमांचित थे। फिर जब उनकी जर्नी और सक्सेस मंत्र सुने तो हर कोई आत्मविश्वास से भर गया। सभी ने सेलिब्रिटी के साथ फोटोज क्लिक कराई और टिप्स लेने की कोशिश की। नजारा था शार्क टैंक के शार्क और यंग बिजनेस पर्सन बोट के सह-संस्थापक और सीईओ अमन गुप्ता के जयपुर में होने का। वे फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर के बी सक्सेसफुल विद सुपर सक्सेसफुल प्रोग्राम में शिरकत करने आए थे। चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में हुए इस विशेष सेशन में अमन ने कई रोचक बातें बताकर लोगों को मोटिवेट किया। कार्यक्रम की शुरुआत सदस्यों, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और उनके शिक्षकों के आगमन से हुई। इसके बाद सत्र आयोजित किया गया। जहां सदस्य, कार्यकारी समिति, प्रायोजक और कॉलेज के प्रतिनिधियों ने आपस में विचार-विमर्श और नेटवर्किंग किया। फ्लो जयपुर की संस्थापक नीता बुचरा व रुचिका धूत ने गुप्ता का वेलकम किया।

#### स्टार्टअप्स की बारीकियां समझाई

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संवाद था। इस दौरान रघुश्री पोद्दार और अमन गुप्ता के बीच बातचीत हुई। सत्र के दौरान गुप्ता ने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे जुनून को एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है। स्टार्टअप्स की बारीकियों, जोखिम लेने की प्रक्रिया और बहुत कुछ उनके संवादों में शामिल रहा।



#### सक्सेस के नए ज्ञान से हुए रूबरू

इस दौरान उपस्थित लोग व्यापार की दुनिया में गहराई से उतरने के लिए नए ज्ञान और प्रेरणा से रूबरू हुए। रघुश्री पोद्दार ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। गुप्ता ने यंगेस्टर्स को खूब चीयरप भी किया और बताया कि किस तरह आत्मविश्वास और सही प्लानिंग से सक्सेस पाई जा सकती है। युवा उनके साथ फोटोज क्लिक कराने के लिए उत्सुक दिखे ओर शार्क टैंक के बारे में जानकारी लेने की कोशिश करते रहे।

## रामदेवजी की कलश यात्रा आज



**बेधड़क. जयपुर।** खातीपुरा स्थित प्राचीन बाबा रामदेवजी महाराज मंदिर का जीर्णोद्वार किया गया है। बुनकर कॉलोनी के इस मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी और गुरुवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन और भंडारा होगा। भंडारे में 10 हजार भक्तों की आने की उम्मीद है। कलश यात्रा के लिए डिप्टी सीएम दिया कुमारी को आमंत्रित किया गया है। यात्रा आफिसर्स केम्पस स्थित पवन वाटिका हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी तथा रात्रि सत्संग आयोजित होगा। बुनकर कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष नानगराम बागड़ी व महामंत्री रमेश चंद भामनिया ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## संदीप मदान की स्मृति में आज 'उपहार'

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र में नाटक 'उपहार' का मंचन बुधवार को किया जाएगा। वरिष्ठ नाट्य निर्देशक संदीप मदान की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में यह विशिष्ठ प्रस्तुति मुख्यत: बच्चों के लिए तैयार की गई है। कृष्णायन में सुबह 10:30 बजे नाटक होगा और शाम 7 बजे हर उम्र के कला प्रेमी शो देखेंगे। भाव और प्रेम से ओत प्रोत यह प्रस्तुति तीन बच्चों की कहानी है जिसे नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की डायरेक्टर रहीं त्रिपुरारी शर्मा ने लिखा है। नाटक के पात्र तीनों बच्चे स्नेह की डोर से बंधे हुए हैं और मासूमियत के साथ इस रिश्ते को और मजबूती प्रदान करने के लिए उपहार का सहारा लेते हैं।


## प्रेमभाया का नंदोत्सव मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** खोले के हनुमान मंदिर परिसर स्थित श्री प्रेमभाया मंदिर में मंगलवार को श्री राधा कृष्ण एवं प्रेम भाया के समक्ष नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि नंदोत्सव में बधाईगान पर महिलाओं ने नृत्य किया। राजेश कुमार शर्मा ने वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वाली का..., मीठे रस से भरियो री राधा रानी लागे..., यशोदा मैया के होए लाल बधाई भक्ता न..., यशोदा जाए ललना में वेदन में सुन आई..., राधिका गोरी से बिरज की छोरी से..., मनिहारी का भेष बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया...जैसे भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। बधाईगान पर खिलौनों और फलों की उछाल की गई। भक्तों को लड्डूओं का वितरण किया गया। सुबह श्री लड्डू गोपाल जी को एवं प्रेमभाया जी का पंचामृत से स्नान कराकर नवीन पौशाक धारण कराई गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया गया।

# City इवेंट्स

## राज्यपाल को विधान सभा दैनन्दिनी भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल का शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। स्पीकर देवनानी ने हिन्दू विजय युग प्रर्वतक पुस्तक और विधान सभा दैनन्दिनी राज्यपाल को भेंट की। राज्यपाल ने राजस्थान विधान सभा की दैनन्दिनी 2024-25 का अवलोकन कर नवाचार की सराहना करते हुए प्रकाशन को देशभर के विधान मंडलों के लिए नजीर बताया। देवनानी ने राज्यपाल को बताया कि नई पीढी में महापुरुषों का स्मरण बनाये रखने के लिए विधान सभा की दैनन्दिनी में उनके चित्रों का समावेश किया है। राज्यपाल बागडे ने देवनानी से राज्य के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों विशेषकर तकनीकी विश्वविद्यालयों की शिक्षा में किए जाने वाले नवाचारों पर सुझाव दिये जाने के लिए देवनानी से अनुरोध किया।

## जैन मंदिरों में होंगे विभिन्न आयोजन

**बेधड़क. जयपुर।** दिगंबर जैन समाज के दशलक्षण पर्व 8 सितंबर से शुरू होंगे, लेकिन इससे पहले रोट तीज 6 को मनाई जाएगी। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, चौदस और भगवान वासुपूज्य स्वामी के निर्वाण कल्याणक के साथ दशलक्षण पर्व संपन्न होंगे। इस बार चौदस और पूर्णिमा एक साथ होने से 18 सितंबर को पड़वा ढोक (क्षमावाणी पर्व) मनाई जाएगी। गौरतलब है दशलक्षण पर्व 10 धर्मों पर आधारित एक महापर्व है, जिसकी शुरुआत क्षमा के भावों को धारण कर क्षमायाचना के साथ संपन्न होती है।


## निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट पर गाइड मंडल मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में फ्लॉक लीडर व गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स के साथ निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। सीओ गाइड ऋतु शर्मा ने बताया कि बेसिक कोर्स में सभी राजकीय विद्यालयों, महात्मा गांधी विद्यालयों व निजी विद्यालयों से टीचर्स सहभागिता कर रहे हैं। वहीं, निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में सभी महाविद्यालयों से रेंजर्स शामिल हो रहे हैं। सभी शिविर आवासीय हैं, जिसमें सहभागिता करने वाली टीचर्स को अपने विद्यालय में फ्लॉक व गाइड यूनिट संचालित करने के लिए आवश्यक जानकारी दी जा रही है। बेसिक शिविर के प्रभारी मंडल मुख्यालय के सीओ गाइड इंदु तंवर हैं। पहले दिन सभी का परिचय हुआ और उन्होंने शिविर के उद्देश्य आदि के बारे में जानकारी ली।

### सुबह शाम होंगे उत्सव दर्शन

## गोविंददेव जी के दरबार में 7 से छाएगा राधा अष्टमी का उल्लास



बेधड़क | जयपुर

ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेव जी में राधाष्टमी का उत्सव भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर ग्यारह सितंबर को मनाया जाएगा। मंदिर छावन में ठाकुर जी के समक्ष सात से ग्यारह सितंबर तक प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ से सवा दस बजे तक तथा शाम को सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक उत्सव दर्शन होंगे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में राधाष्टमी महोत्सव का श्रीगणेश सात सितंबर को शाम सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक श्री गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल के हरिनाम संकीर्तन के साथ होगा। राधा अष्टमी के दिन भी सुबह की बेला में अखंड हरिनाम संकीर्तन बंगाली महिला मंडल की ओर से ही भजन-कीर्तन होगा।

शाम को श्री गौर गोविंद महिला मंडल की महिलाएं किशोरी जी के जन्म की बधाइयां गाएंगी। राधा अष्टमी ग्यारह सितंबर को है। मंगला झांकी दर्शन सुबह 4 बजे होंगे। इसके बाद 4:45 बजे प्रिया जी (राधा रानी जी) के अभिषेक दर्शन खोले जाएंगे। राधा रानी जी का दूध, दही, घी, बूरा, शहद से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद महाआरती के दर्शन होंगे। इसके बाद धूप झांकी खोली जाएगी। ठाकुर श्रीजी को नवीन पीत (पीली) पोशाक एवं विशेष अलंकार श्रृंगार धारण कराए जाएंगे। पंजीरी, लड्डू, मावा की बर्फी का भोग अर्पण किया जाएगा। धूप झांकी में महंत अंजन कुमार गोस्वामी श्रीजी का अधिवास पूजन करेंगे। श्रृंगार झांकी में बधाई-उछाल की गई। संध्या काल में ठाकुरजी की विशेष फूल बंगला झांकी के दर्शन होंगे। विशेष उत्सव दर्शन झांकी शाम 7 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक होंगे। इसके बाद शयन झांकी खोली जाएगी।

### पार्श्वनाथ कथा में उमड़े प्रदेश-देश के श्रद्धालु

## जितनी जरूरत हो उसी में जीना और जरूरतों को सीमित करना अपरिग्रह



बेधड़क | जयपुर

मुनि प्रणम्य सागर ने कहा कि जितनी जरूरत हो उसी में जीना और जरूरतों को सीमित करना अपरिग्रह है। मुनि प्रणम्य सागर मंगलवार को मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन में कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण में बारह भावनाओं में बोधि दुर्लभ व लोक भावना का वाचन कर रहे थे।

प्रवचन में बोधि दुर्लभ भावना के मर्म को समझाते हुए कहा कि अपनी इच्छाओं में निरंतर कमी लाना बोधि दुर्लभ भावना है।

जैन धर्म में असंख्यात सालों से पहले अपरिग्रह व्रत के बारे में बताया गया था कि जितनी जरूरत हो उसी में जीना और निरंतर अपनी जरूरतों को सीमित करना अपरिग्रह है। उसे आज के दार्शनिक नई पद्धति बता रहे हैं। मुनि ने कहा कि अपरिग्रह आत्म बल बढ़ाता है। चिंताओं से मुक्त रखता है और तनाव दूर करता है। उन्होंने लोक परंपराओं पर बोलते हुए कहा कि हर परंपरा को हमें सोच समझकर करना चाहिए। हमें देखना चाहिए कि उससे धर्म की हानि नहीं हो। इस मौके पर पं. निशांत शास्त्री टीकमगढ़ ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा व कार्यकारिणी सदस्य अशोक छाबड़ा, जिनेन्द्र काला ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ICRT INDIA और सबकॉन्टिनेंट अवाईस | चैंपियनिंग कल्चरल डायवर्सिटी श्रेणी में जीता गोल्ड प्राइज

# रिस्पांसिबल टूरिज्म बढ़ाने के लिए बन रही विशेष योजनाएं

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान स्टूडियो ने चैंपियनिंग कल्चरल डायवर्सिटी श्रेणी में गोल्ड प्राइज अपने नाम किया। आईसीआरटी इंडिया फाउंडेशन की ओर से नई दिल्ली में आयोजित 'आईसीआरटी इंडिया और सबकॉन्टिनेंट अवाड्र्स-2024' में यह पुरस्कार जीतने के बाद राजस्थान स्टूडियो अब लंदन में होने वाले ग्लोबल अवॉड्र्स में सीधे प्रवेश करने वाला संगठन बन गया है। ये वार्षिक पुरस्कार रिस्पांसिबल टूरिज्म अवाड्र्स का एक भाग है। गौरतलब है राजस्थान स्टूडियो की ओर से पिछले दिनों से अलग-अलग शहरों में 30 नए आर्ट एक्सपीरियंस जोड़े गए हैं।

आगामी दिनों में बीकानेर में आर्ट एक्सपीरियंसेज को लॉन्च कर इनकी शुरुआत की जाएगी। राजस्थान स्टूडियो संस्थापक व सीईओ कार्तिक गग्गर ने कहा, कि आर्ट एक्सपीरियंसेज से सांस्कृतिक व अद्वितीय कला अनुभवों की तलाश करने वाले ट्रेवलर्स को हमारी समृद्ध संस्कृति से जोड़ना राजस्थान स्टूडियो की शुरुआत का मूल विचार था। हमें खुशी है हम रिस्पांसिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने, कल्चरल एक्सचेंज में मदद करने, कला व शिल्प को संरक्षित करने के प्रयासों के साथ-साथ अपने कार्यों से आर्टीजन्स व स्थानीय समुदायों का समर्थन कर रहे हैं।



#### पर्यटन मंत्रालय कर रहा है विशेष प्लानिंग

समारोह के दौरान भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मुग्धा सिन्हा ने जानकारी दी कि पर्यटन मंत्रालय देशभर में पर्यटन को बढ़ावा देने और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की विशेष योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि रिस्पांसिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में मंत्रालय द्वारा कई पहल की गई हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 04 सितंबर, 2024





एक अच्छा दिमाग और दिल हमेशा से विजयी युगल रहे हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

हमास की चाल में फंसे इजराइली पीएम !

# अब बाइडेन ने भी लगाया आरोप, तिलमिलाए नेतन्याहू

■ जो बाइडेन ने की बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना | ■ नेतन्याहू ने किया पलटवार, हम पर दबाव न डालें

## 6 बंधकों की मौत के बाद बढ़ी नेतन्याहू की टेंशन

**एजेंसी** | रॉयटर्स, वाशिंगटन

गाजा में छह बंधकों की मौत के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू घर और बाहर दोनों जगह घिरते जा रहे हैं। जहां देश में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है तो वहीं अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नेतन्याहू पर बड़ा आरोप लगाया है।

बाइडेन ने कहा कि नेतन्याहू बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ समझौते को लेकर पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं। पिछले सप्ताह इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा में एक सुरंग से छह इजराइली बंधकों के शव बरामद किए थे। इजराइल ने हमास पर हत्या का आरोप लगाया है। इजराइल में लोग बाकी बंधकों की सुरक्षित वापसी का दबाव नेतन्याहू पर बना रहे हैं। जब जो बाइडेन से पूछा गया कि क्या नेतन्याहू बंधक समझौते पर पर्याप्त प्रयास कर रहे हैं? इस पर उन्होंने 'नहीं' में जवाब दिया।



### इजराइल पर न डालें दबाव: नेतन्याहू

इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जो बाइडेन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बंधकों की मौत के बाद इजराइल पर नहीं, बल्कि दबाव हमास पर डाला जाना चाहिए। मगर हमसे गंभीरता दिखाने के लिए कहा जा रहा है? हमसे रियायतें देने को कहा जा रहा है? इससे हमास को क्या संदेश जाता है? नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि बाइडेन या शांति हासिल करने के लिए गंभीर कोई भी व्यक्ति इजराइल से और रियायतें देने के लिए कहेगा। हमास को ऐसा करने की आवश्यकता है।

### हमास की धमकी, 'अगर इजराइल नहीं माना तो ताबूतों में ही लौटेंगे बंधक'

गाजा में इजराइल के 6 बंधकों की मौत के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर सीजफायर और बंधकों की रिहाई का दबाव बढ़ता जा रहा है। अभी भी हमास के कब्जे में हैं 101 इजराइली हैं। सोमवार को इजराइली पीएम के सख्त रुख के बाद हमास आर्म्ड विंग ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजराइल सैन्य कार्रवाई जारी रखता है तो बंधक ताबूतों में इजराइल की जमीन पर पहुंचेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बंधकों की सुरक्षा में लगे मुजाहिदीनों को नए निर्देश दे दिए गए हैं। एज्जेदीन अल कसम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने एक बयान में कहा कि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू समझौते के बजाय सैन्य कार्रवाई जारी रखते हुए कैदियों को रिहा कराने पर जोर देने का मतलब ये होगा कि बंधक ताबूतों के अंदर अपने परिवारों के पास लौटेंगे।



### नेतन्याहू से बात करेंगे बाइडेन

बाइडेन ने कहा कि अमेरिका जल्द बंधक समझौता पेश करने की योजना बना रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौता सफल होगा तो उन्होंने कहा कि उम्मीद हमेशा बनी रहती है। बाइडेन ने यह भी कहा कि वह नेतन्याहू से बात करने की योजना बना रहे हैं।

### इसराइली PM नेतन्याहू ने क्यों मांगी माफी

गाजा में शनिवार को मृत पाए गए छह इजराइली बंधकों को वापस लाने में नाकाम रहने पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइली जनता से माफी मांगी है। नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब समझौता वार्ता को अंजाम देने के उनके तरीके को लेकर इजराइल में दूसरी रात भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

रूसी राष्ट्रपति मंगोलिया पहुंचे, ICC का है वारंट

# पुतिन किए जाएंगे गिरफ्तार!

**एजेंसी** | उलानबटार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को आधिकारिक यात्रा पर मंगोलिया पहुंचे। पुतिन की ये यात्रा सोवियत-मंगोलिया सैनिकों की जापान पर संयुक्त जीत की 85वीं वर्षगांठ के चलते हो रही है। मंगोलिया पहुंचते ही पुतिन की गिरफ्तारी की मांग तेजी हो गई है, जिसपर पूरी दुनिया की निगाहें भी टिकी हैं।

यूक्रेन ने भी पुतिन की गिरफ्तारी की बात कही है। दरअसल, ये मांग इसलिए हो रही है क्योंकि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पुतिन की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया हुआ है और मंगोलिया इस कोर्ट का सदस्य देश है। पिछले साल पुतिन की गिरफ्तारी का वारंट जारी होने के बाद इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) के किसी सदस्य से उनकी यह पहली मुलाकात थी। कोर्ट ने युद्ध अपराध के लिए ये वारंट जारी किया है। कोर्ट का मानना है कि रूस ने जानबूझकर यूक्रेन के रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया है। बता दें कि इस हाई-प्रोफाइल यात्रा के कारण उलानबटार में पुतिन के उतरने के बाद उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



### इंटरनेशनल कोर्ट की अवहेलना

इसे इंटरनेशनल कोर्ट और पश्चिमी देश के साथ अधिकार समूहों की अवहेलना के रूप में देखा जा रहा है। रूसी नेता हेग स्थित अदालत में यूक्रेनी बच्चों के कथित अवैध निर्वासन के लिए वांछित हैं, क्योंकि रूसी सैनिकों ने 2022 में देश पर आक्रमण किया था। इधर, यूक्रेन ने मंगोलिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो जो कर रहा है उसका सीधा मतलब यही है कि वो पुतिन का "युद्ध अपराधों" में साथ दे रहा है, क्योंकि उसने पुतिन को हवाई अड्डे पर हिरासत में नहीं लिया। वारंट के अनुसार पुतिन को गिरफ्तार करना मंगोलिया की जिम्मेदारी है।

### यूक्रेन और मंगोलिया ने क्या कहा!

यूक्रेन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वारंट पर वांछित रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन को गिरफ्तार करने में मंगोलिया की विफलता ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून प्रणाली को एक गंभीर झटका दिया है। दूसरी ओर, मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागीन खुरेलसुख के एक प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पर उन खबरों का खंडन किया कि आईसीसी ने एक पत्र भेजकर उनसे उनके दौरे पर वारंट पर अमल करने के लिए कहा था।

रूस के कब्जे में चीन की हजारों किमी जमीन

# रूस के सामने चीन भीगी बिल्ली

■ ताइवान ने चीन की विस्तारवादी नीति को लेकर सुनाई खरी-खरी

**एजेंसी** | ताइपे

ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते ने चीन की विस्तारवादी नीतियों पर सीधा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अगर चीन सच में अपनी जमीन की फिक्र करता है तो उसे रूस से भी अपने खोए हुए इलाके वापस लेने की कोशिश करनी चाहिए। लाइ ने कहा कि चीन का ताइवान पर दावा करना और उसे अवैध अलगाववादी प्रांत बताना सिर्फ एक भू-राजनीतिक चाल है।

जब चीन ने रूस के हाथों एक मिलियन वर्ग किमी जमीन खो दी थी तो अब क्यों नहीं उसे वापस पाने की कोशिश की जा रही? उन्होंने 1858 की ऐगुन संधि का हवाला दिया, जिसमें रूस ने व्लादिवोस्तोक समेत बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया था।



### ऐगुन संधि चीन की सबसे बड़ी हारों में से एक

ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के विश्लेषक वें-टी सुंग ने कहा कि ऐगुन संधि चीन की सबसे अपमानजनक हारों में से एक है, लेकिन चीनी अधिकारियों ने व्लादिवोस्तोक में रूसी आर्थिक फोरम में बार-बार भाग लिया है, जिससे रूस के शासन को वैधता मिली है। चीन के इस रवैए से साफ जाहिर होता चीन को इस बात की कोई फिक्र नहीं है आज उसकी जमीन पर रूस का कब्जा है।

### ताइवान पर कंट्रोल की

प्रेस कॉन्फ्रेंस में ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते ने कहा कि अगर चीन सच में अपनी जमीन की चिंता करता तो उसे रूस से भी अपने इलाके वापस लेने चाहिए थे खासकर तब जब रूस कमजोर स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की असल मंशा ताइवान पर कब्जा करके प्रशांत महासागर की पहले द्वीप श्रृंखला पर अपना कंट्रोल बढ़ाना है ताकि वह वैश्विक व्यवस्था को अपने हक में मोड़ सके

रूस ने यूक्रेन पर 2 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी

# दावा- 41 की मौत, 180 लोग घायल

**एजेंसी** | मनीला

रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के पोल्तावा शहर में 2 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। जेलेंस्की ने दावा किया है कि हमले में 41 लोगों की मौत हो गई। वहीं 180 से ज्यादा घायल हुए हैं। वीडियो मैसेज जारी कर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने उनके एक एजुकेशनल इंस्टिट्यूट और अस्पताल को निशाना बनाया।

नागरिक मलबे के नीचे दब गए। हमले के बाद पोल्तावा में तीन दिन के शोक की घोषणा की है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अलर्ट सायरन बजने और मिसाइल अटैक होने में बेहद कम समय का अंतर था। लोग बॉम्ब शेल्टर की तरफ जा ही रहे थे कि उन पर हमला हो गया। रेस्क्यू टीम ने 25 लोगों को बचा लिया वहीं रूस के एक टेलीग्राम चैनल ने दावा किया है कि बैलिस्टिक मिसाइल के जरिए यूक्रेन के मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर को निशाना बनाया गया। जिन लोगों की मौत हुई है वे यूक्रेन के ट्रेनी सैनिक हैं। BBC के मुताबिक, जिस मिसाइल से हमला किया वह इस्कंदर-M मिसाइल थी, जिसकी रेंज 500 किमी है। अगस्त में रूस पर यूक्रेन के लगातार हमलों के बाद यह पहली बार है जब रूस ने यूक्रेनी शहर पर इतना बड़ा हमला किया है। यह हमला तब हुआ है जब 31 अगस्त को जेलेंस्की ने कहा था कि वे रूस में और अंदर घुसकर हमले करना चाहते हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन पर हमलों को तभी रोका जा सकता है, जब यूक्रेन रूस की एयरफील्ड्स और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl